website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 224 | पेज: 8 | जयपुर, बुधवार 23 जुलाई 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## पीएम मोदी 23 से 26 जुलाई तक दो देशों, यूके और मालदीव की राजकीय यात्रा पर रहेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी यात्रा पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने विस्तार से जानकारी दी है। प्रधानमंत्री मोदी 23-24 जुलाई को यूनाइटेड किंगडम (यूके) के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इसके बाद 25-26 जुलाई को उनकी मालदीव यात्रा तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूके की आधिकारिक यात्रा पीएम कीर स्टारमर के निमंत्रण पर हो रही है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि यह यात्रा जरूर छोटी है, लेकिन दोनों नेताओं को द्विपक्षीय संबंधों के व्यापक पहलुओं की समीक्षा करने, इसे और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा करने और क्षेत्रीय तथा वैश्विक महत्व के मुद्दों पर विचार करने का अवसर देगी।

पीएम मोदी की दो देशों की यात्रा पर मंगलवार को प्रेस वार्ता में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि प्रधानमंत्री कल, 23 जुलाई को यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ चर्चा के लिए यूनाइटेड किंगडम की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। वह किंग चार्ल्स तृतीय से भी मुलाकात करेंगे। भारत और यूके दोनों के व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत की भी योजना है। पदभार ग्रहण करने के बाद से यह प्रधानमंत्री की यूके की चौथी यात्रा होगी।

विक्रम मिस्री ने बताया, "ब्रिटेन के कई विश्वविद्यालय भी भारत में अपना कैंपस खोलने पर विचार कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण रिश्ते के कुछ और भी तथ्य और आंकड़े हैं। 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार 55 बिलियन डॉलर को पार कर गया। यूके भारत में छठा सबसे बड़ा निवेशक है, जिसके पास कुल निवेश 36 बिलियन डॉलर का है और दिलचस्प बात यह है कि भारत स्वयं ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का एक बड़ा स्रोत है, जिसका संचयी निवेश लगभग 20 अरब डॉलर है। उन्होंने आगे कहा कि रक्षा क्षेत्र में, हम सशस्त्र बलों की तीनों शाखाओं के बीच नियमित बातचीत और अभ्यास देख रहे हैं।

विदेश सचिव ने कहा कि भारत-यूके साझेदारी को 2021 में व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रूप में उन्नत किया गया था और तब से उच्च स्तरीय राजनीतिक संपर्क नियमित रूप से हो रहे हैं। दोनों पक्ष इस साझेदारी को और ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

वहीं, पीएम मोदी की मालदीव की यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री की मालदीव यात्रा 25 और 26 जुलाई को होगी। वे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के



निमंत्रण पर इस दौरे पर जाएंगे। प्रधानमंत्री 26 जुलाई, 2025 को मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में 'मुख्य अतिथि' होंगे। यह प्रधानमंत्री की मालदीव की तीसरी यात्रा होगी और नवंबर 2023 में पदभार ग्रहण करने के बाद से राष्ट्रपति मुइज़्ज़ द्वारा आयोजित किसी शासनाध्यक्ष की पहली राजकीय यात्रा होगी।

उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री का मालदीव दौरा निश्चित रूप से मालदीव के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय आधिकारिक बैठकों को भी शामिल करेगा। कुछ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया जाएगा।" उन्होंने यह भी कहा कि हम नई पहल के संबंध में भी कुछ घोषणाएं करेंगे, जिनका विवरण बाद में दिया जाएगा।

विदेश सचिव ने कहा, "मालदीव हमारे पड़ोस में है और हमारा एक बहुत करीबी साझेदार है। यह भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और महासागर विजन का भी हिस्सा है, जो सुरक्षा और विकास के लिए क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देता है। संकट के समय, चाहे प्राकृतिक हो या मानवनिर्मित, हमने हमेशा मालदीव की जरूरतों का तुरंत समर्थन किया है। हमारे बीच मजबूत राजनीतिक संबंध रहे हैं, जो नियमित उच्च स्तरीय दौरों से और मजबूत होते रहे हैं।"

उन्होंने आगे कहा, "आर्थिक मोर्चे पर, भारत मालदीव का एक सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। द्विपक्षीय व्यापार लगभग 500 मिलियन डॉलर का है। भारतीय निवेशक मालदीव में पर्यटन और अन्य आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। दोनों देश एक मुक्त व्यापार समझौते और एक निवेश संधि पर भी बातचीत कर रहे हैं।"

## ढाका विमान हादसा: भारतीय उच्चायोग ने बांग्लादेश सरकार को भेजा पत्र

### -घायलों के इलाज में सहयोग की पेशकश



नई दिल्ली। भारतीय उच्चायोग ने बांग्लादेश सरकार को पत्र लिखकर माइलस्टोन स्कूल हादसे में घायल लोगों के लिए भारत में आवश्यक किसी भी महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता की जानकारी साझा करने का अनुरोध किया है। भारतीय उच्चायोग ने यह भी कहा कि घायलों के उपचार के लिए भारत की ओर से सभी आवश्यक सुविधाएं और समर्थन सुनिश्चित किया जाएगा। माइलस्टोन स्कूल हादसे को लेकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहयोग देने की पेशकश की थी। इसी क्रम में, भारतीय उच्चायोग ने मंगलवार को औपचारिक रूप से बांग्लादेश सरकार को पत्र लिखा है।

आपको बता दें, ढाका विमान हादसे के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा था,"ढाका में हुए विमान हादसे में कई लोगों की (जिनमें अधिकतर छात्र हैं) मौत और घायल होने की खबर से बेहद दुखी और स्तब्ध हूं। हम दुख की घड़ी में परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। भारत इस मुश्किल घड़ी में बांग्लादेश के साथ खड़ा है और हर संभव सहायता देने को तैयार है।"

वहीं, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने मंगलवार को बताया है कि इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है, जिसमें 25 छात्र हैं। इन छात्रों में कई 12 साल से कम उम्र के हैं। अन्य दो पीड़ितों में विमान का पायलट और स्कूल शिक्षिका शामिल हैं।

करीब 78 लोगों का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में जारी है, जिनमें पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। 20 शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं, जबकि छह शवों की अब तक पहचान नहीं हो सकी है; इनके डीएनए सैंपल ले लिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि सोमवार को वायुसेना के एफ-7 बीजीआई ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट ने स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 1 बजकर 6 मिनट पर उड़ान भरी थी। करीब डेढ़ बजे एयरक्राफ्ट ढाका के उत्तरा स्थित माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज की इमारत से टकरा गया था।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में लगी आग, हांगकांग से दिल्ली आ रहा था विमान




नई दिल्ली (एजेंसी)। एयर इंडिया की फ्लाइट में मंगलवार को अचानक से आग लग गई। यह विमान हांगकांग से दिल्ली आ रहा था। एयर इंडिया ने इस घटना की जानकारी दी। एयर इंडिया एयरलाइन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि आज हांगकांग से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट एआई315 में लैंडिंग और गेट पर पार्किंग के तुरंत बाद आग लग गई। यह आग प्लेन की ऑक्सिलरी पावर यूनिट (एपीयू) में लगी।

यह घटना तब हुई, जब यात्री फ्लाइट से उतरने लगे थे और सिस्टम डिजाइन के अनुसार एपीयू स्वचालित रूप से बंद हो गया। इस हादसे से विमान को कुछ नुकसान हुआ। हालांकि, यात्री और चालक दल के सदस्य सामान्य रूप से उतर गए और सभी सुरक्षित हैं।

एयर इंडिया ने कहा कि फ्लाइट को आगे की जांच पड़ताल के लिए रोक दिया गया है और नियामक को सूचित कर दिया गया है।

इससे पहले गुजरात के अहमदाबाद में उड़ान भरने के बाद कुछ ही देर में एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे के समय प्लेन में 242 लोग सवार थे, जिसमें 230 यात्री, 10 केबिन क्रू और दो पायलट थे। प्लेन क्रैश में सिर्फ एक यात्री को छोड़कर प्लेन में सवार सभी लोगों की मौत हो गई।

एयर इंडिया की यह बोइंग 737 पैसेंजर फ्लाइट थी। फ्लाइट अहमदाबाद एयरपोर्ट से लंदन के लिए रवाना हो रही थी। यह दुर्घटना अहमदाबाद के मेघानीनगर इलाके के पास हुई थी। विमान टेक ऑफ के बाद क्रैश हुआ था।

## जम्मू-कश्मीर के राजौरी में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात, सभी स्कूल बंद



जम्मू-कश्मीर(एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण धरहाली और सकटोह नदियों में जलस्तर तेजी से बढ़ गया है, जिससे जिले में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। प्रशासन ने एहतियातन जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को आज मंगलवार के लिए बंद रखने का आदेश दिया है। कई निचले इलाकों में जलभराव के कारण सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हालांकि अब तक किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

वहीं बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन (BRO) राजौरी के पीर पंजाल क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में सड़कों के निर्माण और मरम्मत का कार्य कर रही है ताकि कोटरंका, समोट और बुधल जैसे बाजार क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से निपटा जा सके। BRO के इंजीनियर संजय शर्मा ने बताया कि "जहां भी जलभराव की समस्या है, खासकर बाजारों में, वहां कंक्रीट की पक्की सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। पहले नालियों के अवरुद्ध होने से पानी सड़कों पर फैल जाता था, लेकिन अब उन्हें पक्का कर दिया गया है। साथ ही क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत भी की जा रही है।"

उन्होंने यह भी कहा कि इस पहल का उद्देश्य सुगम यात्रा और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जिसके लिए नियमित मरम्मत का कार्य भी जारी है। इसी बीच, पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में भारी बारिश के कारण भूस्खलन की घटना सामने आई है।

## दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला : ओलंपिक मेडल विनर को मिलेंगे 7 करोड़, छात्रों को दिया जाएगा लैपटॉप

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली सरकार ने कैबिनेट में फैसला लिया है कि ओलंपिक गोल्ड जीतने पर खिलाड़ियों को 7 करोड़, सिल्वर जीतने पर 5 करोड़ और ब्रॉन्ज पर 3 करोड़ मिलेंगे। इसके अलावा, मेधावी छात्रों को सरकार की तरफ से लैपटॉप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में मंगलवार को कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में शिक्षा और खेल समेत कई क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगाई गई।



दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद ने कहा, "मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें दिल्ली के लोगों, युवाओं, स्कूली शिक्षा और विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण फैसला शिक्षा विभाग में लिया गया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार ने फैसला लिया है कि ओलंपिक और पैरालिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए 7 करोड़, सिल्वर जीतने पर 5 करोड़ और ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर 3 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।"

उन्होंने आगे कहा, "एशियन गेम्स और पैरा एशियन गेम्स की इनामी राशि को ढाई करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़, सिल्वर मेडल के लिए डेढ़ करोड़ से 2 करोड़ और ब्रॉन्ज के लिए एक करोड़ दिए जाएंगे। साथ ही कॉमनवेल्थ गेम्स की इनामी राशि को दो करोड़, डेढ़ करोड़ और एक करोड़ रुपए किया गया है। नेशनल गेम्स के लिए 11 लाख रुपए हर मेडल विजेता को दिए जाएंगे।"

उन्होंने बताया कि ओलंपिक और पैरालिंपिक में गोल्ड और सिल्वर मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को दिल्ली सरकार में ग्रुप ए की नौकरी और ब्रॉन्ज लाने वालों को ग्रुप बी की नियुक्ति दी जाएगी। इसी तरह अन्य खेलों, कॉमनवेल्थ और नेशनल गेम्स में जीतने वालों को भी अलग-अलग कैटेगरी में नौकरी दी जाएगी। दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने छात्रों के हित में लिए गए फैसले के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, "राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेल खेलने वाले स्कूली छात्रों को कोचिंग और प्रशिक्षण के लिए छठी से 12वीं कक्षा तक 5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले शीर्ष खिलाड़ियों को हर साल 20 लाख रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा, कैबिनेट ने मुफ्त लैपटॉप के लिए मुख्यमंत्री डिजिटल शिक्षा योजना को भी मंजूरी दी है, जिसके तहत 10वीं कक्षा पास करने वाले लगभग 1200 मेधावी वंचित छात्रों को आई7 लैपटॉप दिया जाएगा।"

## चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं ने रचा इतिहास

### -39 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने किए दर्शन

उत्तराखंड(एजेंसी)। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा जारी है। इस बार गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। चारधाम यात्रा में अब तक 39 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं, जो एक नया रिकॉर्ड है।

**उत्तराखंड सरकार में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने इस उपलब्धि के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी दी**

उत्तराखंड सरकार में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने इस उपलब्धि के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने कहा, "चारधाम यात्रा के लिए गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ धाम और बदरीनाथ धाम के लिए कुल 47 लाख 27 हजार 619 श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। साथ ही हेमकुंड साहिब के लिए 2 लाख, 16 हजार, 960 श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन और ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। चारधाम यात्रा के लिए अब तक 49 लाख, 41 हजार, 527 श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन और ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कराए हैं।"




**उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में इस बार रिकॉर्ड संख्या में तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं**

उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में इस बार रिकॉर्ड संख्या में तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि अब तक यमुनोत्री धाम में 5 लाख, 73 हजार, 812, गंगोत्री धाम में 6 लाख, 47 हजार, 571, केदारनाथ धाम में 13 लाख, 91 हजार, 348, बदरीनाथ धाम में 11 लाख, 63 हजार, 867, और हेमकुंड साहिब में 2 लाख, 16 हजार, 305 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। कुल मिलाकर, सभी धामों में 39 लाख, 92 हजार, 903 तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं।

**पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने हरिद्वार में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाए जाने को लेकर भी जानकारी दी**

मंत्री सतपाल महाराज ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा, "इस रिकॉर्ड को लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने की योजना है, जिससे उत्तराखंड का नाम इतिहास में दर्ज हो।" पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने हरिद्वार में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाए जाने को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनने से इसे लंदन और न्यूयॉर्क जैसे शहरों से जोड़ा जा सकेगा।

## भारतीय नौसेना 23 जुलाई को 'जहाज निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण' सेमिनार का करेगी आयोजन

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना 23 जुलाई को नौसेना मुख्यालय में 'जहाज निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण पर जहाज निर्माण सेमिनार' का आयोजन करेगी। यह सेमिनार भारत सरकार, भारतीय नौसेना, शिपयार्ड, उद्योग, वर्गीकरण समितियों और शिक्षा जगत के प्रमुख हितधारकों को एक मंच उपलब्ध कराएगा।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य जहाज निर्माण से संबंधित विभिन्न नीतिगत पहलुओं पर सुसंगत और प्रगति-उन्मुख चर्चाओं को आसान बनाना है। प्रतिभागी विश्व स्तर पर लागू की जा रही भविष्य की तकनीकों का भी पता लगाएंगे और वैश्विक मानकों को पूरा करने वाले जहाज बनाने में भारतीय शिपयार्ड और उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करेंगे।

सेमिनार, नौसेना मुख्यालय के अंतर्गत एक प्रमुख युद्धपोत डिजाइन संगठन, युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो (डब्ल्यूडीबी), मानेकशॉ सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया जायेगा।ज्ञात हो, डब्ल्यूडीबी ने युद्धपोत डिज़ाइन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 1964 में केंद्रीय डिज़ाइन कार्यालय के रूप में अपनी यात्रा शुरू की, 1970 में नौसेना डिज़ाइन निदेशालय के रूप में विकसित हुआ।

पिछले छह दशकों में, डब्ल्यूडीबी ने 20 प्रकार के युद्धपोतों के डिज़ाइन और निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिनमें समुद्री रक्षा नौकाओं से लेकर विमानवाहक पोत तक शामिल हैं । वहीं, 1 जुलाई 2025 को वाई12652 (उदयगिरि) की हालिया डिलीवरी ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में चिह्नित किया क्योंकि यह भारतीय नौसेना और डब्ल्यूडीबी द्वारा राष्ट्र को दिया गया 100वां युद्धपोत था।

स्वदेशी रूप से डिज़ाइन किए गए 100वें युद्धपोत की डिलीवरी डब्ल्यूडीबी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है । जहाज निर्माण राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, जो रणनीतिक सैन्य क्षमताओं और आर्थिक स्थिरता की नींव का काम करता है।

## अमित शाह गुरुवार को नई दिल्ली में 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025' का अनावरण करेंगे

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को नई दिल्ली में 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025' का अनावरण करेंगे। नई सहकारिता नीति 2025-45 तक आगामी दो दशकों के लिए भारत के सहकारी आंदोलन में एक मील का पत्थर माना जा रहा है।

नई सहकारिता नीति 2025-45 तक आगामी दो दशकों के लिए भारत के सहकारी आंदोलन में एक मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में, नई सहकारिता नीति 2025 का उद्देश्य सहकारिता क्षेत्र को पुनर्जीवित करने और आधुनिक बनाने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर एक रोडमैप बनाकर सहकार से समृद्धि के विजन को साकार करना है।

इससे पहले वर्ष 2002 में देश की पहली राष्ट्रीय सहकारिता नीति जारी की गई थी, जिसमें सहकारी संस्थाओं की आर्थिक गतिविधियों के बेहतर प्रबंधन के लिए एक आधारभूत रूपरेखा दी गई थी। पिछले 20 वर्षों में वैश्वीकरण और तकनीकी प्रगति के कारण समाज, देश और विश्व में कई बड़े परिवर्तन हुए हैं। इन परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए नई नीति बनाना आवश्यक हो गया था, ताकि सहकारी संस्थाओं को वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में अधिक सक्रिय और उपयोगी बनाया जा सके और "विकसित भारत 2047" के लक्ष्य को हासिल करने में सहकारिता क्षेत्र की भूमिका मजबूत हो सके।

राष्ट्रीय सहकारिता नीति का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं को समावेशी बनाने, उनका पेशेवर तरीके से प्रबंधन करने, उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने और विशेष रूप से ग्रामीण भारत में बड़े पैमाने पर रोजगार और आजीविका के अवसर सृजित करने में सक्षम बनना है।



पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभाकर प्रभु की अध्यक्षता में 48 सदस्यीय राष्ट्रीय स्तर की समिति ने नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति तैयार की है। इस समिति में राष्ट्रीय/राज्य सहकारी संघों, सभी स्तरों और क्षेत्रों की सहकारी समितियों के सदस्य, संबंधित केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रालय/विभाग के प्रतिनिधि और शिक्षाविद शामिल थे। एक सहभागी और समावेशी दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए, समिति ने अहमदाबाद, बेंगलुरु, गुरुग्राम और पटना में 17 बैठकें और 4 क्षेत्रीय कार्यशालाएं आयोजित कीं। इनमें हितधारकों से प्राप्त 648 बहुमूल्य सुझावों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन कर उन्हें नई सहकारिता नीति में शामिल किया गया।

## अशोक गहलोत ने धनखड़ के इस्तीफे पर उठाए सवाल

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे को लेकर बड़ा बयान दिया है। गहलोत ने कहा कि दबाव में काम करने वाला व्यक्ति ही अचानक इस्तीफा देता है। उन्होंने कहा कि यह इस्तीफा राजस्थानवासियों के लिए भी झटका है।



गहलोत ने कहा कि जगदीप धनखड़ संसद के अंदर और बाहर लगातार किसानों के मुद्दे उठा रहे थे और एक बार उन्होंने कृषि मंत्री को भी खरी-खोटी सुनाई थी। उन्होंने कहा, "मुझे पहले से लग रहा था कि लोकसभा अध्यक्ष और उपराष्ट्रपति दबाव में हैं। मैंने जोधपुर में भी यह बयान दिया था। अब धनखड़ के इस्तीफे से यह सच्चाई सामने आ गई है। असलियत क्या है, यह प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ही जानते होंगे।"

गहलोत ने कहा कि उनका धनखड़ परिवार से 50 साल पुराना संबंध है और दिनभर सदन चलने के बाद अचानक इस्तीफा देना कई सवाल खड़े करता है। गहलोत ने कहा, "आरएसएस और बीजेपी देश में कोई नया राजनीतिक घटनाक्रम चलाने की तैयारी में हैं क्या, यह संशय पैदा करता है।"

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

### बाबासाहेब के नाम पर करोड़ों का घोटाला? केजरीवाल सरकार के खिलाफ जांच शुरू

आम आदमी पार्टी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार एक बार फिर विवादों में है। इस बार मुद्दा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर कथित करोड़ों रुपये के घोटाले का है, जिसकी जांच अब शुरू कर दी गई है। आरोप है कि दिल्ली सरकार ने अंबेडकर जी के विचारों को फैलाने के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च दिखाए, लेकिन वास्तविकता में उसका इस्तेमाल विज्ञापन और अपनी छवि चमकाने में किया गया। दरअसल मामला 2020-21 में दिल्ली सरकार द्वारा 'अम्बेडकर उत्सव' और 'जय भीम मिशन' के नाम पर किए गए खर्च से जुड़ा है। आरोप है कि इस दौरान दिल्ली सरकार ने विज्ञापन और प्रचार सामग्री के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका कोई लाभ समाज के कमजोर वर्गों और दलित समुदाय को नहीं मिला। सरकारी दस्तावेजों में जो खर्च दिखाया गया, उसमें अंबेडकर मिशन के नाम पर बड़े-बड़े होर्डिंग, अखबारों में विज्ञापन और टीवी चैनलों पर प्रचार शामिल थे। दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा भेजी गई फाइल के आधार पर जांच एजेंसियों ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि सीबीआई भी इस मामले में जल्द कार्रवाई कर सकती है। इस घोटाले की जांच की मांग कई सामाजिक संगठनों और विपक्षी दलों ने भी की थी। उनका आरोप है कि अंबेडकर जी के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग किया गया और इसका वास्तविक उद्देश्य आम आदमी पार्टी की राजनीतिक छवि को मजबूत करना था। जानकारों का मानना है कि अगर इस मामले की जांच में गड़बड़ी साबित होती है तो यह आम आदमी पार्टी के लिए बड़ा झटका हो सकता है, क्योंकि पार्टी हमेशा से अपने आपको ईमानदारी और पारदर्शिता की राजनीति करने वाली पार्टी बताती रही है। वहीं, आम आदमी पार्टी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। पार्टी का कहना है कि उन्होंने अंबेडकर जी के विचारों को युवाओं तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए और यह पैसा उसी उद्देश्य के लिए खर्च किया गया। लेकिन सवाल यह है कि अगर कार्यक्रम सही तरीके से आयोजित हुए थे, तो फिर उसकी पारदर्शिता क्यों नहीं दिखाई गई? इसके अलावा जिन कार्यक्रमों का हवाला दिया गया, उनमें से कई का कोई वीडियो या रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। दलित संगठनों का आरोप है कि जिन इलाकों में अंबेडकर जी के नाम पर कार्यक्रम और जागरूकता अभियान चलाने की बात कही गई, वहां ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं हुआ। सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसियां अब दिल्ली सरकार के वित्त विभाग और सूचना एवं प्रचार विभाग से इस खर्च के बिल, भुगतान विवरण और कार्यक्रमों के आयोजन के सबूत मांग रही हैं। जांच में यह भी देखा जा रहा है कि विज्ञापन किन चैनलों और अखबारों में दिए गए और उसके रेट क्या थे। ऐसा माना जा रहा है कि इस घोटाले में विज्ञापन एजेंसियों के माध्यम से पैसे के दुरुपयोग की संभावना भी जांच का हिस्सा होगी। दिल्ली की राजनीति में यह मुद्दा एक नए सियासी घमासान की शुरुआत कर सकता है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने बाबासाहेब के नाम का इस्तेमाल कर गरीबों और दलितों के नाम पर करोड़ों रुपये लूटे हैं और इसका हिसाब उन्हें देना होगा।

# राष्टीय सुरक्षा में आत्मनिर्भरता ही सबसे बड़ी ताकत

## -बदलती वैश्विक परिस्थितियों में आत्मनिर्भरता का महत्व

राष्टीय सुरक्षा किसी भी देश की अस्मिता, अखंडता और उसके नागरिकों के जीवन व सम्मान की सुरक्षा से जुड़ा सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। बदलते वैश्विक परिदृश्य, बढ़ती तकनीकी प्रतिस्पर्धा और सीमाओं पर बढ़ते खतरों के बीच यह स्पष्ट हो गया है कि आत्मनिर्भरता ही किसी भी देश की असली ताकत होती है। भारत जैसे विशाल और विविधताओं वाले देश के लिए आत्मनिर्भरता केवल एक विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता है। जो राष्ट्र अपनी सुरक्षा के लिए दूसरों पर निर्भर रहते हैं, वे वैश्विक परिस्थितियों में कमजोर पड़ जाते हैं। आज जब हम 21वीं सदी में वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, तब हमें अपनी रक्षा जरूरतों, तकनीकी विकास और रणनीतिक संसाधनों में आत्मनिर्भर होना अत्यंत आवश्यक है।

**आत्मनिर्भरता का अर्थ**

आत्मनिर्भरता का अर्थ है अपने संसाधनों, तकनीकी क्षमताओं, उत्पादन, अनुसंधान और विकास की शक्ति के माध्यम से अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होना। राष्ट्रीय सुरक्षा में आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल हथियार उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की साइबर सुरक्षा, खुफिया तंत्र, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा तक फैली होती है।

**ऐतिहासिक दृष्टिकोण**

भारत ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए कई कदम उठाए। DRDO, HAL, BEL, BEML, ISRO जैसी संस्थाओं की स्थापना इसी सोच का परिणाम रही है। 1962 के भारत-चीन युद्ध और 1965, 1971 के भारत-पाक युद्धों ने यह स्पष्ट कर दिया कि अपनी रक्षा जरूरतों के लिए अन्य देशों पर निर्भरता हमें युद्धकाल में कठिनाइयों में डाल सकती है। इसी सीख के आधार पर स्वदेशी तकनीकी विकास और रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने की कोशिश की गई। लेकिन कई दशकों तक भारत का रक्षा आयात पर निर्भर रहना यह दिखाता है कि आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रयासों में और सशक्तता लाने की आवश्यकता है।

**वैश्विक परिदृश्य में आत्मनिर्भरता की आवश्यकता**

विश्व राजनीति में अस्थिरता, यूक्रेन-रूस युद्ध, पश्चिम एशिया में संघर्ष, चीन की आक्रामक नीतियां और बढ़ती साइबर चुनौतियां हमें यह बताती हैं कि वैश्विक परिस्थितियां किसी भी समय बदल सकती हैं। आज रक्षा उपकरण, गोला-बारूद, विमानों, मिसाइलों, रडार सिस्टम, साइबर सुरक्षा तंत्र और उपग्रह संचार की निर्बाध उपलब्धता राष्टीय सुरक्षा का महत्वपूर्ण अंग बन चुकी है। यदि किसी भी कारण से वैश्विक आपूर्ति शृंखला टूट जाती है, तो हमारी सुरक्षा व्यवस्था कमजोर पड़ सकती है। इसलिए आत्मनिर्भरता केवल हमारी मजबूती का प्रतीक नहीं बल्कि राष्ट्रीय अस्तित्व और संप्रभुता की रक्षा का साधन है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की

**"आत्मनिर्भर भारत" पहल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2020 में कोविड-19 महामारी के बीच आत्मनिर्भर भारत अभियान की घोषणा की। इसमें रक्षा उत्पादन को प्राथमिकता दी गई और 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' का नारा दिया गया। इसके तहत रक्षा मंत्रालय ने 2025 तक भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा। रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी को बढ़ावा दिया गया, आयात पर निर्भरता कम करने के लिए 300 से अधिक रक्षा वस्तुओं की सूची तैयार कर उनके आयात पर रोक लगाई गई और भारतीय कंपनियों को उनके निर्माण का अवसर दिया गया। LCA तेजस, आकाश मिसाइल सिस्टम, अर्जुन टैंक, पिनाका रॉकेट सिस्टम, ब्रह्मोस मिसाइल का स्वदेशीकरण इसी आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। HAL द्वारा स्वदेशी हल्के हेलिकॉप्टर और रुद्र हेलिकॉप्टर का निर्माण भी भारत की आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

तकनीकी आत्मनिर्भरता का महत्व

आधुनिक युद्ध तकनीकी युद्ध बन चुके हैं। ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर वारफेयर, सैटेलाइट इमेजिंग, कम्युनिकेशन इंटरसेप्शन जैसी क्षमताएं किसी भी देश की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बन गई हैं। यदि हम साइबर सुरक्षा के लिए विदेशी तकनीक पर निर्भर रहते हैं, तो हमारी खुफिया जानकारी लीक होने का खतरा बना रहता है। इसी तरह, संचार उपकरणों में विदेशी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का उपयोग संवेदनशील सूचनाओं के चोरी होने का खतरा बढ़ाता है। इसीलिए स्वदेशी तकनीकी विकास, स्टार्टअप्स को बढ़ावा, रिसर्च एंड डेवलपमेंट में निवेश और युवाओं को रक्षा तकनीक में प्रशिक्षित करना आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम हैं।




राष्टीय सुरक्षा में आत्मनिर्भरता का एक बड़ा आयाम ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा भी है। यदि युद्ध जैसी स्थिति में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति बाधित होती है, तो हमारी सेना और परिवहन व्यवस्था प्रभावित होती है। इसी प्रकार, खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भरता युद्धकाल में नागरिकों और सैनिकों के मनोबल को बनाए रखने में मदद करती है। सौर ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा, बायोफ्यूल और हाइड्रोजन ऊर्जा जैसे स्वदेशी विकल्पों पर काम करना, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में जरूरी कदम है।

**वैश्विक अनुभव**

अमेरिका, रूस, चीन और इजराइल जैसे देश अपने रक्षा उत्पादन और तकनीकी विकास में आत्मनिर्भर हैं। इजराइल ने कम जनसंख्या और छोटे क्षेत्रफल के बावजूद अपनी रक्षा तकनीक, ड्रोन तकनीक और साइबर सुरक्षा में आत्मनिर्भरता के माध्यम से अपनी सुरक्षा को मजबूत किया है। रूस के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद रूस की रक्षा ताकत में कमी नहीं आई, क्योंकि वह अपने सैन्य उपकरणों और तकनीक में आत्मनिर्भर है। चीन ने भी 'मेड इन चाइना 2025' के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य किया। इन देशों का अनुभव हमें सिखाता है कि आत्मनिर्भरता ही दीर्घकालिक सुरक्षा का आधार है।

चुनौतियां राष्टीय सुरक्षा में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं: तकनीकी गैप: कई आधुनिक रक्षा तकनीकों में अभी भी हमें विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है। रिसर्च एंड डेवलपमेंट में निवेश की कमी: आरएंडडी में कम निवेश के कारण कई तकनीकी परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हो पाती। ब्यूरोक्रेसी और लालफीताशाही: रक्षा उपकरणों की खरीद और उत्पादन प्रक्रिया में देरी होती है। कौशल की कमी: उन्नत तकनीकों में प्रशिक्षित मानव संसाधन का अभाव। वैश्विक कूटनीतिक दबाव: कई बार वैश्विक राजनीति में दबाव में आकर समझौते करने पड़ते हैं।

समाधान और आगे की दिशा

इन चुनौतियों से निपटने के लिए हमें निम्न प्रयास करने होंगे: रक्षा अनुसंधान में बजट बढ़ाना। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ावा देना। स्टार्टअप्स और MS-MEs को रक्षा उत्पादन में शामिल करना। इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश बढ़ाना। युवाओं को रक्षा और तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षित करना। आयात पर निर्भरता कम करने के लिए ठोस रोडमैप बनाना।

**आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान का संबंध**

आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक या तकनीकी ताकत का विषय नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मगौरव का विषय भी है। जब हम अपनी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहते, तो हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है, हमारी कूटनीतिक ताकत बढ़ती है और वैश्विक मंच पर हमारी स्थिति मजबूत होती है। युद्ध और शांति दोनों परिस्थितियों में आत्मनिर्भरता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

राष्टीय सुरक्षा में आत्मनिर्भरता भारत की आवश्यकता और प्राथमिकता दोनों है। आज जब वैश्विक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं और भारत महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है, तब हमें अपने रक्षा उत्पादन, तकनीकी विकास और रणनीतिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनना होगा। प्रधानमंत्री मोदी का आत्मनिर्भर भारत अभियान इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिसे राष्ट्र की सामूहिक इच्छा शक्ति और नीतिगत मजबूती से सफल बनाना होगा हमें यह याद रखना होगा कि राष्टीय सुरक्षा में आत्मनिर्भरता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है, जो हमें हर परिस्थिति में मजबूत बनाती है और देश की अखंडता, संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करती है।

# नवाचार की रफ़्तार: कॉफी की खेती में मददगार अनोखी मोटरसाइकिल

## -पहाड़ी इलाकों में कॉफी किसानों की चुनौतियां

भारत में खेती सिर्फ जीविका का साधन नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की उम्मीदों और मेहनत का दूसरा नाम है। आज जब जलवायु परिवर्तन, श्रमिकों की कमी और बढ़ती लागत जैसी चुनौतियाँ किसानों के सामने खड़ी हैं, ऐसे समय में खेती में नवाचार बेहद जरूरी हो गया है। खासकर कॉफी की खेती, जो कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु के पहाड़ी क्षेत्रों में होती है, वहां की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में किसानों के लिए फसल की देखभाल और तुड़ाई के दौरान बहुत मेहनत करनी पड़ती है। इस बीच एक अनोखी मोटरसाइकिल, जो विशेष रूप से कॉफी की खेती में मदद करने के लिए तैयार की गई है, किसानों के लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आई है। यह नवाचार न केवल श्रम की कठिनाई को कम कर रहा है, बल्कि समय और लागत की बचत कर किसानों की आमदनी में इज़ाफा भी कर रहा है।

**कॉफी खेती की चुनौतियाँ और यथास्थिति**

कॉफी की खेती में कई चुनौतियाँ होती हैं: पहाड़ी इलाकों में खेती: कॉफी के बागान अक्सर ढलान पर होते हैं, जहाँ श्रमिकों का चलना और उपज को इकट्ठा करना कठिन होता है। मैन्युअल तुड़ाई: कॉफी के बीजों को पेड़ से हाथों से तोड़ना पड़ता है, जिससे श्रमिकों पर बहुत दबाव पड़ता है। परिवहन की समस्या: उपज को ढलानों से मुख्य सड़कों तक पहुँचाना मुश्किल होता है। जलवायु अस्थिरता: अनियमित बारिश और तापमान में बदलाव फसल की गुणवत्ता और उत्पादन को प्रभावित करते हैं। मजदूरों की कमी: शहरों की ओर पलायन और मजदूरी दर में वृद्धि से किसानों को स्थायी श्रमिक नहीं मिल पाते। इन्हीं चुनौतियों को देखते हुए कॉफी किसानों को ऐसी तकनीकों और मशीनों की आवश्यकता थी, जो उनकी उपज, मेहनत और लागत के बीच संतुलन बना सकें।

नवाचार की मिसाल: कॉफी बागानों के लिए विशेष मोटरसाइकिल

कर्नाटक के कुछ युवा इंजीनियरों और कृषि नवाचार स्टार्टअप ने एक ऐसी स्पेशल मोटरसाइकिल तैयार की है, जो कॉफी की खेती में परिवहन और तुड़ाई में सहायक बन रही है।

**इस मोटरसाइकिल की खासियतें:** हल्का वजन: यह बाइक साधारण मोटरसाइकिल से हल्की बनाई गई है ताकि ढलान और संकरी पगडंडियों पर आसानी से चलाई जा सके। उच्च ग्राउंड क्लीयरेंस: उबड़-खाबड़ पगडंडियों पर बिना अटकने के चल सके। कार्गो अटैचमेंट: इसके पीछे छोटे ट्रॉली अटैचमेंट हैं जिनसे कॉफी के बीज, खाद और अन्य सामग्रियां ढोई जा सकती हैं। कम फ्यूल खपत: कम ईंधन में लंबी दूरी तय करने की क्षमता। इलेक्ट्रिक वेरिएंट: कुछ स्टार्टअप इसका इलेक्ट्रिक वर्जन भी तैयार कर रहे हैं ताकि डीजल-पेट्रोल पर निर्भरता कम की जा सके। इमरजेंसी एंबुलेंस की सुविधा: बागानों में हादसा होने पर मजदूरों को तेजी से बाहर लाने के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकता है।

**कैसे कर रही है किसानों की मदद?**

1परिवहन लागत में कमी: पहले जहां मवेशी या मजदूरों के सिर पर उपज ढोकर ले जाई जाती थी, अब मोटरसाइकिल से एक ही बार में 100-150 किलो तक उपज ढोई जा सकती है।

2 समय की बचत: कॉफी के बागानों से मुख्य सड़क तक पहुँचने में पहले 2-3 घंटे लगते थे, अब 30-40 मिनट में यह कार्य पूरा हो रहा है।

3 श्रमिकों की सुविधा: ढलानों पर भारी खाद की बोरियों को ले जाने में मजदूरों को चोट और थकान होती थी, मोटरसाइकिल ने इसे सरल बना दिया है।



4 उपज की गुणवत्ता में सुधार: कॉफी बीन्स को समय पर प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुँचाने से गुणवत्ता बनी रहती है, जिससे किसानों को बाज़ार में बेहतर दाम मिलते हैं।

5 बेमौसम बारिश से बचाव: बारिश से पहले कॉफी की उपज को तुरंत उठाकर सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया जा सकता है।

**किसानों के अनुभव: ज़मीनी हकीकत**

कर्नाटक के चिकमगलूर जिले के किसान रमेश गौड़ा कहते हैं, "पहले हमें 5-6 मजदूरों के सहारे उपज नीचे ले जाने में पूरा दिन लग जाता था। अब यह मोटरसाइकिल बड़ा सहारा बन गई है। डीजल की लागत भी बहुत कम है और समय पर उपज मंडी तक पहुँच जाती है।" तमिलनाडु के कोडाईकनाल की महिला किसान शकुंतला बताती हैं, "इस मोटरसाइकिल ने मुझे आत्मनिर्भर बना दिया। मैं खुद भी बाइक चलाकर खाद और पानी बागान तक ले जाती हूँ। इससे मुझे मजदूरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता।" केरल के वायनाड के छोटे किसान यूसुफ कहते हैं, "मैंने पहले सेकंड हैंड बाइक को मॉडिफाई कर इस्तेमाल किया, फिर इस कंपनी की मोटरसाइकिल ली। पहाड़ियों में यह आसानी से चलती है और मेंटेनेंस भी सस्ता है।"

रोजगार के नए अवसर

इस मोटरसाइकिल के आने से न सिर्फ किसानों को सुविधा मिली है बल्कि:

स्थानीय युवा इस बाइक की रिपेयरिंग और मेंटेनेंस का कार्य कर रहे हैं। इसके कारण ट्रांसपोर्टेशन और सप्लाई चेन में नए स्वरोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। मोटरसाइकिल की असेंबलिंग यूनिट से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार बढ़ रहा है।

**जलवायु और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव**

ईंधन की कम खपत से कार्बन उत्सर्जन घट रहा है। इलेक्ट्रिक वेरिएंट में कार्बन फुटप्रिंट बिल्कुल नहीं के बराबर।

कम समय में परिवहन से बारिश में उपज के खराब होने से बचाव। बागानों में मवेशियों पर दबाव कम हुआ, जिससे पशु स्वास्थ्य बेहतर रहता है। सरकार अगर इस मोटरसाइकिल नवाचार को सब्सिडी या कृषक मशीनरी योजनाओं से जोड़ दे, तो:

छोटे किसानों को इसे खरीदने में आसानी होगी।

कॉफी उत्पादन में लागत घटेगी और उत्पादकता बढ़ेगी।

पहाड़ी कृषि क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

किसान नई तकनीक से जुड़कर बाजार में प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे।

# एहसान इलाही: नौजवान भारत सभा से प्रभावित मुसलमान क्रांतिकारी

## -पंजाब की सरज़मीं से उठी एहसान इलाही की इंकलाबी आवाज़

भारत की आज़ादी की लड़ाई सिर्फ़ एक समुदाय या क्षेत्र की नहीं थी, बल्कि यह हर भाषा, जाति और धर्म के लोगों का साझा संघर्ष था। इतिहास में अक्सर क्रांतिकारी आंदोलन को लेकर मुसलमानों के योगदान को उतना स्थान नहीं मिला जितना मिलना चाहिए था। एहसान इलाही जैसे क्रांतिकारी हमें याद दिलाते हैं कि इस मुल्क की आज़ादी में मुस्लिम नौजवानों ने भी अपने खून का नजराना दिया था। एहसान इलाही ने नौजवान भारत सभा से प्रेरित होकर अपने जीवन को आज़ादी की राह में झोंक दिया था और भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु जैसे क्रांतिकारियों के क़दम से क़दम मिलाकर चले थे।

एहसान इलाही का प्रारंभिक जीवन और उनके अंदर जागता इंकलाब

एहसान इलाही का जन्म अविभाजित पंजाब में एक साधारण मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके घर में मज़हब की तालीम के साथ-साथ देशभक्ति की बातें भी होती थीं। उस समय ब्रिटिश हुकूमत की जुल्म और शोषण की घटनाओं ने एहसान इलाही के दिल में बेचैनी पैदा कर दी थी। देश के हालात और ब्रिटिश अफसरों के अत्याचार से उनका दिल जल उठा था। जब उन्होंने स्कूल और कॉलेज में कदम रखा, तो वहां उन्होंने देखा कि कैसे अंग्रेजी अफसर भारतीयों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार करते हैं, और भारतीय अफसर भी अंग्रेजों के तलवे चाटने में लगे रहते हैं। यह सब देख कर एहसान इलाही के अंदर इंकलाब की आग सुलगने लगी थी।

नौजवान भारत सभा से प्रेरणा

साल 1928 में नौजवान भारत सभा के प्रचार ने एहसान इलाही को गहराई से प्रभावित किया। नौजवान भारत सभा की स्थापना भगत सिंह और उनके साथियों ने की थी। इस सभा का मकसद नौजवानों में इंकलाबी सोच भरना और उन्हें साम्राज्यवाद व सांप्रदायिकता के खिलाफ तैयार करना था। जब एहसान इलाही ने इस सभा के जलसों और पर्चों को पढ़ा, तो उनके दिल में एक नई उम्मीद और हिम्मत पैदा हुई। उन्हें लगा कि अगर सच में इस मुल्क को आज़ाद कराना है, तो सिर्फ बातों से नहीं, बल्कि क्रांतिकारी रास्ते पर चल कर ही आज़ादी लाई जा सकती है। साल 1928 में उन्होंने बाकायदा नौजवान भारत सभा की सदस्यता ले ली और अपने इंकलाबी सफर की शुरुआत कर दी।

एहसान इलाही की क्रांतिकारी गतिविधियां

नौजवान भारत सभा की बैठकों में हिस्सा लेने के बाद एहसान इलाही ने अपने इलाक़े में नौजवानों को जागरूक करना शुरू किया। उन्होंने गांव-गांव जाकर साम्राज्यवाद के खिलाफ भाषण दिए, पर्चे बांटे और नौजवानों में आज़ादी की तड़प पैदा की। उन्होंने: ब्रिटिश शासन की क्रूरता के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। हिन्द-मुसलमान एकता पर ज़ोर दिया। सांप्रदायिकता को अंग्रेजों का हथकंडा बताकर उसका विरोध किया। इंकलाब जिंदाबाद के नारे के साथ नौजवानों में आत्मबल भरा।

भगत सिंह और एहसान इलाही का रिश्ता

भगत सिंह और एहसान इलाही का रिश्ता सिर्फ संगठनात्मक नहीं बल्कि वैचारिक भी था। दोनों की सोच एक थी – साम्राज्यवाद और साम्प्रदायिकता का खात्मा। भगत सिंह हिन्द होकर भी धर्म के आधार पर किसी को छोटा-बड़ा नहीं मानते थे और एहसान इलाही मुस्लिम होकर भी मज़हब के नाम पर नफरत फैलाने वालों का विरोध करते थे। दोनों के बीच गहरी दोस्ती थी, और जब भगत सिंह ने असेम्बली में बम फेंकने का फैसला किया, तब एहसान इलाही ने भी उन गतिविधियों को समर्थन दिया, ताकि ब्रिटिश हुकूमत को यह अहसास हो कि भारत का नौजवान अब खामोश नहीं रहेगा। मुसलमानों में जागरूकता की कोशिश

ब्रिटिश हुकूमत ने उस दौर में मुसलमानों और हिन्दओं में फूट डालने के लिए कई साजिशें की थीं। एहसान इलाही ने अपने समुदाय के नौजवानों को समझाया कि अंग्रेज हमें मज़हब के नाम पर बांट कर हम पर राज कर रहे हैं। उन्होंने कहा: "आज अगर हम हिन्द-मुसलमान में बंट गए तो हमारी नस्लें भी गुलामी में जीने को मजबूर रहेंगी। मज़हब से ऊपर मुल्क है, और मुल्क की आज़ादी हमारा पहला फ़र्ज़ है।" उनके इन भाषणों और छोटे-छोटे जलसों से कई मुसलमान नौजवान इंकलाब की राह पर चल पड़े।

गिरफ्तारियां और ब्रिटिश हुकूमत की बर्बरता

ब्रिटिश हुकूमत एहसान इलाही की गतिविधियों से घबरा गई थी। कई बार उन पर नजर रखी गई, कई बार गिरफ्तार भी किया गया, लेकिन उनके हौसले को तोड़ नहीं पाए। जेल में उन्होंने कई नौजवानों को आज़ादी का महत्व समझाया और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संगठित होने की सलाह दी। जेल में उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया, लेकिन उन्होंने कभी अंग्रेजी सरकार से माफी नहीं मांगी। उनका कहना था: "हमने जुर्म नहीं किया, हमने हक की आवाज़ उठाई है, और जब तक ये आवाज़ जिंदा है, अंग्रेज इस मुल्क को गुलाम नहीं रख सकते।"

शहादत: इंकलाबी रास्ते की आखिरी मंजिल

एहसान इलाही ने अपने आखिरी दिनों तक अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई जारी रखी। जब उनके साथी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी हुई, उस वक्त एहसान इलाही ने पूरे इलाक़े में उनके शहादत दिवस पर गुप्त सभाएं करवाईं। उन्होंने युवाओं को अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने की प्रेरणा दी। आखिरकार, अंग्रेजी हुकूमत ने एहसान इलाही को भी एक फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल में डाल दिया और वहीं उन्हें शहीद कर दिया गया। उनकी शहादत ने यह साबित कर दिया कि भारत की आज़ादी में मुसलमान क्रांतिकारियों का खून भी शामिल है और आज़ादी सिर्फ एक मज़हब की नहीं, बल्कि पूरे हिन्दस्तान की साझा लड़ाई थी।

एहसान इलाही के विचार और उनका आज की दुनिया में महत्व

आज जब हम आज़ाद भारत में सांस ले रहे हैं, तो एहसान इलाही जैसे क्रांतिकारी हमें याद दिलाते हैं: आज़ादी की क़ीमत खून से चुकाई गई है। हिन्द-मुसलमान एकता मुल्क की ताक़त है। साम्राज्यवाद और साम्प्रदायिकता दोनों मुल्क के दुश्मन हैं। इंकलाब का मतलब सिर्फ सत्ता बदलना नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव लाना भी है। आज जिस तरह साम्प्रदायिकता की राजनीति समाज में ज़हर घोल रही है, एहसान इलाही का जीवन हमें रास्ता दिखाता है कि हमें नफरत की दीवारों को गिरा कर भाईचारे और इंसाफ पर आधारित समाज बनाना होगा। एहसान इलाही का नाम भले ही इतिहास की किताबों में उतनी बार न लिया गया हो, लेकिन क्रांतिकारी आंदोलन की कहानियों में उनका नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। उन्होंने: अपनी जवानी मुल्क की आज़ादी के लिए कुर्बान कर दी। नौजवान भारत सभा के माध्यम से सैकड़ों युवाओं को प्रेरित किया। मज़हबी तंग नजरिए को छोड़कर इंकलाब की राह चुनी। आज हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके जैसे क्रांतिकारियों की कुर्बानियों को याद रखें और अपने मुल्क में नफरत के खिलाफ आवाज़ उठाएं, ताकि उनके सपनों का भारत बन सके।

अंतिम शब्द

"एहसान इलाही जैसे मुसलमान क्रांतिकारी हमें याद दिलाते हैं कि आज़ादी की लड़ाई में किसी मज़हब या जाति की दीवार नहीं थी, सिर्फ एक नाम था – 'इंकलाब'।"

# प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का हो रहा तेजी से क्रियान्वयन- भजनलाल शर्मा

## - मुख्यमंत्री ने केकड़ी विधानसभा क्षेत्र में 1 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया लोकार्पण-शिलान्यास



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से क्रियान्वित कर रही है। राज्य सरकार के दोनों बजट में 200 विधानसभा क्षेत्रों के लिए पर्याप्त बजट आवंटित किया गया है जिससे आज प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए हम हर संभव कदम उठाएंगे जिससे विकसित भारत-विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को साकार किया जा सके।

शर्मा मंगलवार को अजमेर के केकड़ी में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सावन के पवित्र महीने में हो रही अच्छी बारिश प्रदेश में धन-धान्य, खुशहाली एवं समृद्धि आने का शुभ संकेत है। हमने पिछले वर्ष यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुए हरियाली तीज पर हरियालो राजस्थान की शुरूआत की और पिछले वर्ष हमने साढ़े सात करोड़ पौधे लगाए। अब इस वर्ष प्रदेश में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस बार हरियाली तीज के दिन भी हम सघन वृक्षारोपण करने जा रहे हैं। 5 साल के कार्यकाल में प्रदेश में 50 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य लेकर काम कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि इस अभियान के तहत कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं।

**हमारे डेढ़ साल के कार्य पूर्ववर्ती सरकार के पूरे कार्यकाल से ज्यादा-**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने केवल डेढ़ साल में ही प्रदेश के विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं जोकि पूर्ववर्ती सरकार के पूरे 5 साल से भी ज्यादा हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ साल में किसानों को 253 लाख मीटर से अधिक तारबंदी के लिए अनुदान दिया तथा 32 हजार से अधिक फार्म पौंड बनवाए हैं। जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में केवल 113 लाख मीटर तारंबदी के लिए अनुदान दिया तथा केवल 29 हजार पौंड बनवाए। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में 55 पशु चिकित्सालयों का प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नयन हुआ। वहीं, पूर्ववर्ती सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में केवल 48 का ही क्रमोन्नयन किया। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकाल में बिजली उत्पादन क्षमता में 4 हजार 270 मेगावॉट की वृद्धि हुई जबकि पिछली सरकार के पूरे कार्यकाल में 3 हजार 948 मेगावॉट की ही वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त हमारे कार्यकाल में सार्वजनिक स्थानों पर 4 हजार 598 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए जबकि पिछली सरकार ने 5 साल में 2 हजार 813 सीसीटीवी कैमरे ही लगाए।

**युवाओं के लिए 4 लाख सरकारी नौकरी-**

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार 75 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी पदों पर नियुक्तियां दे चुकी है। 81 हजार से अधिक पदों का परीक्षा कैलेण्डर और 26 हजार भर्तियों के विज्ञापन जारी हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि युवा मन लगाकर पढ़ाई करें। हमारी सरकार 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देना सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए हमने किसान सम्मान निधि की राशि को बढ़ाकर 9 हजार रुपये कर दिया है। राज्य के 76 लाख से अधिक किसानों को 6 हजार 800 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लखपति दीदी योजना में 17 लाख से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया तथा 33 हजार बेटियों को स्कूटी और साढ़े दस लाख से ज्यादा साइकिलों का वितरण बालिकाओं को किया गया है।

# जननी माँ व धरती माँ के नाम दो पेड़ जरूर लगायें - अनिल कुमार जैन

## -समर्पण संस्था ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत बड़े पेड़ लगाये और पौधा वितरण किया




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)।" प्रत्येक व्यक्ति या परिवार जननी माँ व धरती माँ के नाम दो पेड़ जरूर लगायें, क्योंकि यही जीवन दाता है। जो किसी न किसी रूप में हमेशा कुछ देती रहती है ।" उक्त विचार रविवार को प्रताप नगर सेक्टर -26 के ज़ोन 265 स्थित पार्क में समर्पण संस्था द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान आयकर आयुक्त अनिल कुमार जैन ने व्यक्त किये । उन्होंने कहा कि "पेड़ ऑक्सीजन का सबसे बड़ा स्त्रोत है। वृक्षारोपण को गंभीरता से लेकर नियमित पेड़ लगाने चाहिए।" इससे पूर्व वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत समर्पण प्रार्थना के साथ की गई जिसे संस्था के कोषाध्यक्ष राम अवतार नागरवाल ने उच्चारित करवाया । संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए संस्था गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि पेड़ हमें परोपकार का संदेश देते हैं। संस्था सदस्यों द्वारा पार्क में व बाहर खुले स्थान पर कुल 60 बड़े पेड़ लगाये गये। जिसमें शीशम, आम, पीपल, अशोक, चम्पा आदि छाया, फल व सौन्दर्य के पेड़ थे। इसके साथ ही छोटे पौधे उपस्थित नागरिकों को अपने घरों में लगाने के लिए वितरित किये । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता राकेश जिन्दल व समाजसेवी शंकर लाल शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अन्य विशिष्ट अतिथि नागरिक विकास समिति की अध्यक्ष माया देवी व समाजसेवी जयन्त कुमार शर्मा, हेमन्त शर्मा, जसवंत सिंह उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था सचिव कमल नयन खण्डेलवाल ने की । स्थानीय समाजसेवी भगवान सिंह ने सभी का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। संचालन आर्किटेक्ट सुश्री अंजली माल्या ने किया ।

# अति पिछड़ा वर्ग एवं गुर्जर समाज की विभिन्न मांगों पर चर्चा

## -मंत्रीगण समिति की द्वितीय बैठक सम्पन्न



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। शासन सचिवालय में मंगलवार को अति पिछड़ा वर्ग एवं गुर्जर समाज की विभिन्न मांगों पर चर्चा के लिए मंत्रीगण समिति की द्वितीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत तथा गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर बनी समिति की बैठक में देवनारायण योजना की प्रगति, रोस्टर एवं विभिन्न भर्तियों में आरक्षण, आन्दोलन प्रभावितों को अनुकम्पा नियुक्ति, 5 प्रतिशत अति पिछड़ा आरक्षण को नवीं अनुसूची में शामिल कराने सहित समस्त बिन्दओं की समीक्षा की गयी। समिति ने कार्मिक विभाग को सकारात्मक रूप से विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण करने के पर विचार किया। साथ ही गुर्जर आरक्षण समिति द्वारा पिछली बैठक में सुझाए गये सातों बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। आगामी बैठक में सभी बिंदुओं के फैक्चुअल रिपोर्ट मंगवाने और उन पर चर्चा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गृह विभाग को गुर्जर आरक्षण आंदोलन संबंधित मुकदमों का शीघ्र निस्तारण करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग श्रीमती अपर्णा अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग भास्कर ए. सावंत, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा श्रीमती गायत्री ए. राठौड, शासन सचिव, कार्मिक विभाग डॉ. कृष्णा कान्त पाठक, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल, निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग आशीष मोदी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर निगम ग्रेटर द्वारा सफाई मित्रों के लिए आयोजित किया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। "सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ" अभियान के अंतर्गत नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा सफाई मित्रों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को झोटवाड़ा जोन, मालवीय नगर जोन एवं नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए गए।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सफाई मित्रों से संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं स्वस्थ जीवनशैली के लिए आवश्यक सुझाव दिए। महापौर ने कहा कि "स्वच्छ जयपुर" के संकल्प को पूर्ण करने में सफाई मित्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनका स्वस्थ रहना हमारी प्राथमिकता है। महापौर ने बताया कि पूर्व में भी कैम्पों के माध्यम से सफाई मित्रों के बच्चों के लिये सर्वाइकल वैंक्सीन लगवाई गई थी आगे भी हम ऐसे कैम्प लगाये। उन्होंने कैम्प के दौरान कार्य पश्चात् कैसे हाथो की सफाई करनी चाहिए वह स्टेप अनुसार करके बताया।

नगर निगम द्वारा स्वास्थ्य शिविर चरणबद्ध तरीके से सभी जोनों में आयोजित किए जा रहे है जिसके अन्तर्गत बुधवार को जगतपुरा जोन, विद्याधर नगर जोन, सांगानेर जोन, मानसरोवर जोन एवं मुरलीपुरा जोन में भी शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में सफाई मित्रों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, ब्लड प्रेशर, शुगर इत्यादि की जांचें की जाकर दवाईयां उपलब्ध करवाई जा रही है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर जेडीए द्वारा जलभराव की समस्या का निस्तारण

## -स्थानीय वासियों को मिली जलभराव से निजात



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर में हाल ही में हुई भारी वर्षा के चलते उत्पन्न हुई आपात परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा शहरी क्षेत्रों में जलभराव, सड़क क्षति और जल स्रोतों के जलस्तर में वृद्धि की स्थिति की समीक्षा हेतु एक उच्चस्तरीय बैठक ली गई थी। बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर में क्षतिग्रस्त एवं जलभराव वाली सड़कों की त्वरित मरम्मत एवं निस्तारण हेतु अभियान के अंतर्गत कार्य प्रारम्भ किया गया है।

जेडीए आयुक्त श्रीमती आनंदी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशों पर जेडीए की तकनीकी शाखा की टीमें लगातार क्षतिग्रस्त सड़कों की मॉनिटरिंग कर रही हैं। उन्होंने बताया कि माननीय नगरीय विकास मंत्री के नेतृत्व में प्रमुख सड़कों पर आवागमन में आ रही समस्याओं को निस्तारण करने का कार्य तीव्रगति से किया जा रहा है। जेडीए का प्रयास है कि वर्षाऋतु के दौरान आमजन एवं क्षेत्रवासियों को हो रही समस्याओं से निजात दिलाने हेतु प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है।

जेडीए द्वारा गत दिनों पृथ्वीराज नगर-दक्षिण क्षेत्र स्थित 100 फीट चौड़ी सेक्टर सड़क वरुणपथ (डी-8) पर 100 फीट चौड़ी सेक्टर सड़क (डी-6) के जंक्शन के पास वर्षाकाल में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई थी।

उल्लेखनीय है कि वरुणपथ पर उक्त जंक्शन से आगे वंदे मातरम् रोड तक की सड़क पर स्थानीय निवासियों द्वारा किए गए अतिक्रमण और मलबा डालने के कारण वर्षा जल का बहाव बाधित हो रहा था, जिससे एच.टी. लाइन रोड की ओर से बहकर आने वाला पानी इस जंक्शन पर एकत्रित हो जाता था। स्थानीय निवासियों के विरोध के चलते पूर्व में लगभग 40 मीटर लंबाई में सीवर लाइन नहीं डाली जा सकी थी।

जेडीए उक्त समस्या के स्थाई समाधान को लेकर निरंतर मॉनिटरिंग एवं कार्य कर रहा था। जिसके उपरांत 21 जुलाई, 2025 को जेडीए द्वारा मौके पर अतिक्रमण हटवाकर मलबा साफ करवाया गया। तत्पश्चात मिसिंग सीवर लाइन बिछाकर जीएसबी तकनीक से सड़क निर्माण कार्य पूरा कर यातायात पुनः सुचारू किया गया। इस कार्य से क्षेत्रीय निवासियों को भविष्य में जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिली है। जेडीए द्वारा 100 फीट चौड़ी सेक्टर सड़क वरुणपथ (डी-8) के अलाईनमेंट निर्धारण की प्रक्रिया वर्तमान में प्रगति पर है। अलाईनमेंट तय होने के पश्चात शेष अतिक्रमण हटाने व डामरीकरण कार्य को भी शीघ्र ही पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही जेडीए द्वारा पेच रिपेयर जीएसबी (ग्रेनुलर सब-बेस), डब्ल्यूबीएम (वॉटर बाउंड मैकडैम), मिट्टी के कट्टे, तथा कोल्ड मिक्स जैसी आधुनिक विधियों का उपयोग कर किया जा रहा है। जेडीए द्वारा प्राथमिकता से सीवर लाइन, पीएचईडी बीसलपुर पाइप लाइन, टॉरेंट गैस लाइन एवं ड्रेनेज खुदाई के कारण जिन सडकों को अधिक क्षति पहुँची है, वहां विशेष रूप से मरम्मत कार्य किए जा रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को असुविधा नहीं हो। जेडीए द्वारा निंरतर आमजन के हित में कार्य कर रहा है।

# मौसमी बीमारियों का हो प्रभावी प्रबंधन - चिकित्सा मंत्री




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि प्रदेश में मानसून के दौरान अच्छी बारिश हो रही है। बारिश थमने के बाद मौसमी बीमारियों के प्रसार की आशंका बनी रहती है। सभी जिलों में पुख्ता तैयारियों के साथ मौसमी बीमारियों को प्रभावी प्रबंधन किया जाए। रोकथाम एवं बचाव गतिविधियों के साथ-साथ जांच एवं उपचार के लिए माकूल इंतजाम हों। राज्य स्तर के साथ-साथ संभाग एवं जिला स्तर पर मौसमी बीमारियों की सघन मॉनिटरिंग हो। विभाग के अधिकारी जीवन रक्षा के उद्देश्य को सर्वोच्च रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

चिकित्सा मंत्री मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में प्रदेश में मौसमी बीमारियों की स्थिति एवं रोकथाम गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम एवं यूडीआईडी कार्ड के लम्बित मामलों सहित अन्य विषयों पर भी विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य, संयुक्त निदेशक एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी वीसी के माध्यम से जुड़े।

**राज्य स्तर से सभी जिलों पर नजर बनाए रखें-**

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव गतिविधियों में किसी स्तर पर लापरवाही नहीं हो। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों से ग्रसित रोगियों को तत्काल प्रभाव से जांच एवं उपचार उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने राज्य स्तर के अधिकारियों को सभी जिलों पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि जिन जिलों में केस ज्यादा आ रहे हैं, वहां टीमें एवं संसाधन बढ़ाकर स्थिति को नियंत्रित करें। मौसमी बीमारियों की जांच हेतु काम में ली जाने वाली आवश्यक किट एवं दवाओं की निर्बाध आपूर्ति के साथ पर्याप्त संख्या में बैड्स की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार गतिविधियां आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

**जिला अस्पताल से लेकर सब-सेन्टर तक दवाओं की कमी नहीं रहे-**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में फिलहाल मौसमी बीमारियों की स्थिति नियंत्रण में है। सभी संबंधित अधिकारी प्रो-एक्टिव एप्रोच के साथ काम करते हुए जांच, दवा एवं उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला अस्पताल से लेकर सब-सेन्टर तक दवाओं की कमी नहीं रहे। आवश्यकता होने पर स्थानीय स्तर पर नियमानुसार खरीद की जाए।

# नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की बड़ी कार्रवाई

## -8 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 8 केन्टर सामान जब्त

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में लालकोठी मण्डी, सहकार मार्ग, अण्डरपास, किसान भवन, गोपालपुरा बाइपास, मुरलीपुरा स्कीम व सर्किल के चारों तरफ एवं मुरलीपुरा रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 8 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 8 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में लालकोठी मण्डी, सहकार मार्ग, अण्डरपास, किसान भवन, गोपालपुरा बाइपास, मुरलीपुरा स्कीम व सर्किल के चारों तरफ एवं मुरलीपुरा रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 8 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 8 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हो सुनिश्चित




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर ने कुर्रेजात, सीमाज्ञान, नामांतरण, पत्थरगढ़ी एवं भू-रूपांतरण सहित अन्य लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को नियमित रूप से न्यायालय में सुनवाई करने, बार और बैंच के बीच सहयोग एवं समन्वय स्थापित करते हुए लंबे समय से राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की मिशन मोड पर सुनवाई करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला कलक्टर ने कई राजस्व अधिकारियों को प्रदर्शन और बेहतर करने एवं लंबित राजस्व वादों में कमी लाने के लिए सुझाव साझा करने का अवसर प्रदान किया।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने हाल ही आयोजित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबंल शिविरों में प्रदर्शन की उपखण्डवार समीक्षा भी की। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान, नरेगा आखर, पंच गौरव प्रोत्साहन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही जिला कलक्टर ने अग्रणी जिला बैंक द्वारा जिले में आयोजित की जा रही जन सुरक्षा योजनाओं के लिए संतृप्ति ड्राइव के तहत अधिक से अधिक आमजन को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, एवं अटल पेंशन योजना से जोड़ने के प्रेरित करने के निर्देश दिये। बैठक कलक्टर ने अधिकारियों को पेंशन संबंधित प्रकरणों का भी निस्तारण के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। साथ ही, रात्रि चौपाल एवं दौरों का विवरण संपर्क पोर्टल पर अपलोड करने के साथ-साथ राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण कर आमजन को राहत देने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को अपने क्षेत्र में नियमित निरीक्षण करने एवं रात्रि चौपाल के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर ही जनसुनवाई कर अभाव अभियोगों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

# पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने पुष्कर व दरगाह अंदरकोट जल भराव क्षेत्रों का दौरा



अजमेर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार के पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष व कांग्रेस के दिग्गज नेता धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने जल भराव क्षेत्रों का दौरा किया और कई कार्यक्रम में शामिल हुए। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना कर भारी बारिश के चलते पुष्कर में बिगड़े जल भराव क्षेत्र का दौरा किया और आमजन से समस्याएं सुनी। कांग्रेस के दिग्गज नेता धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने पुष्कर सरोवर के पीछे स्थित हाई लेवल ब्रिज के पास नाला क्षेत्र के जल भराव क्षेत्र का अवलोकन किया। इन क्षेत्रों में ज्यादा जल भराव होने के चलते घरों में और खेतों में पानी भरने और स्थिति भयवाह नजर आने के बाद राठौड़ ने भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत पर प्रहार करते हुए कहा कि मंत्री सुरेश सिंह रावत पुष्कर की जनता की परवाह नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते बारिश से बिगड़े हालातो का भी जायजा मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। उनका दायित्व है कि पुष्कर की जनता सुध ले। उनकी समस्याओं का निस्तारण करें। हालात यह है कि पुष्कर क्षेत्र में भारी बारिश के चलते हालात बिगड़े हुए हैं और मंत्री महोदय पूरे क्षेत्र में ही नजर नहीं आ रहे हैं। यह बड़ी दुर्भाग्य की बात है । उन्होंने कहा कि पुष्कर सरोवर में 50 सालों के बाद अच्छी बारिश होने के चलते 30 फिट से ज्यादा पानी की आवक हुई है।

पुष्कर वासियों के लिए हर्ष का विषय है, उन्होंने पुष्कर सरवर के स्वच्छ जल बनाए रखने को लेकर सरकार की नकारात्मक ऊर्जा को दर्शाते हुए कहा कि सरकार और उनके मंत्री सुरेश सिंह रावत पुष्कर सरोवर के स्वच्छ जल को बनाए रखने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार के दौरान उन्होंने पुष्कर सरोवर के जल को स्वच्छ बनाए रखने के लिए कई प्रोजेक्ट तैयार किए थे, लेकिन सरकार बदलने के चलते उनके प्रोजेक्ट पर काम बंद कर दिया गया । उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार पुष्कर सरोवर के स्वच्छ जल बनाए रखने के लिए और नए कदम उठाने की जरूरत है।।तभी पुष्कर सरोवर का जल स्वच्छ और निर्मल बना रहेगा। उन्होंने कहा किकेंद्र और प्रदेश की सरकार पुष्कर सरोवर को सुंदर एवं विकासशील बनाने के लिए करोड रुपए खर्च कर रही है। वही पुष्कर सरोवर जल को स्वच्छ और निर्मल बनाये रखने में फेल ही साबित हुई है। इसके पहले पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़े का जन्म दिन मनाया। खड़गे के जन्मदिन के अवसर पर जयपुर घाट पर पवित्र पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना कर पुष्कर सरोवर का दुग्धाभिषेक किया और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे की दीर्घायु की मनोकामना की। इस दौरान कांग्रेसी नेता वेदनाथ पाराशर, ओमप्रकाश डोलिया, जगदीश कुड़िया, शैलेन्द्र अग्रवाल, बाबूलाल दग्दी, संजय दगदी, मधुसूदन मैक्स पाराशर,दामोदर मुखिया, नारायण दायमा, अरुण पाराशर, विकास मुखिया, विलायत अली, समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने राठौड़ का माला पहनाकर स्वागत किया।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| **बिजली फॉल्ट के लिए** | | **पानी के लिए** | |
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हेरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# मानव जन जागृति संस्थान के पंचम स्थापना दिवस पर स्मारिका विमोचन समारोह सम्पन्न




चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। शहर के एक निजी होटल में मानव जन जागृति संस्थान का पंचम स्थापना दिवस एवं स्मारिका विमोचन समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत पुलिस महानिदेशक राजस्थान व भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने कहा कि जरूरी नही बडे पद वाले व्यक्ति ही समाजसेवा कर सकते है, निम्न व्यक्ति भी समाज सेवा कर सकते है। जो व्यक्ति जितना सक्षम है, वह व्यक्ति समाज को कुछ दे सकता है। अध्यक्षता कर रहे भाजपा प्रवक्ता व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने संस्थान द्वारा किए कार्यों की सराहना की। विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी मामचंद रायपुरिया ने कहा कि व्यक्ति नशा बंद करने की शुरूआत स्वंय से करेगें तो निश्चित रूप से परिवार में बच्वें भी नशे से दूर रहेगें। रायपुरिया द्वारा 5 हजार स्मारिका प्रिंट कराकर एवं 51 हजार रूपये का नगद आर्थिक सहयोग संस्थान को संप्रेम भेंट किया। विशिष्ठ अतिथि सेवानिवृत आईपीएस जीसी राय, शराबबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा छाबड़ा, सेवानिवृत सीआरपीएफ कंमाडेड के एम बुनकर, साईबर क्राईम के पुलिस उपाधिक्षक सोनचंद लाडना, समाजसेविका कविता वर्मा, प्रधानाचार्य व संस्थान के महासचिव मनराज कांटीवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व अतिथि द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर व महात्मा बुद्ध के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों द्वारा संस्थान का पंचम स्थापना दिवस एवं स्मारिका विमोचन किया गया। संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सौदागर कांदेला एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा आए हुए अतिथियों का माला, साफा एवं गमला युक्त पौधा देकर सम्मानित किया। प्रदेशाध्यक्ष सौदागर कांदेला ने बताया कि सत्र 2024-25 में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले रघुनाथ पाटोदिया को प्रथम, मनराज कांटीवाल को द्वितीय व गजानंद परिहार को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मंच संचालन प्राचार्य डॉ. कैलाशचंद्र मोरदिया व प्रधानाचार्य कालूराम बुनकर ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष मुकेश जिंदल, नेमीचंद पंवार, रामनिवास पालीवाल, गोपाललाल सोगण, बाबूलाल बुनकर, हरिनारायण लाखीवाल, गोपाललाल कांदेल, गुल्लाराम फौजी, भंवरलाल सरावता, घनश्याम कांदेल, एडवोकेट मनोहर परिहार, कमलेश शर्मा, सरपंच पवन वर्मा, अशोक बबेरवाल, सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया, कजोडमल तडदिया, राजेश सोगण, गोपाल देवठिया, राजेश कांदेल, सियाराम बुनकर, दीपक वर्मा, नरेश रोजड़ा, शंकरलाल बुनकर, अंजली वर्मा, दिव्या कांदेला आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग का घेराव किया

## -जताया विरोध, खून से लिखा ज्ञापन ऊर्जा मंत्री के नाम सोपा



चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्मार्ट मीटरों की अनियमितताओं और उपभोक्ताओं पर बढ़ते बिजली बिलों को लेकर आज युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मुख्य अभियंता को उर्जा मंत्री के नाम खुन से लिखा ज्ञापन सौंपा और स्मार्ट मीटर योजना पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष सोयल खान डीके ने कहा कि स्मार्ट मीटरों की आड़ में आम जनता को लूटा जा रहा है। बिना पारदर्शिता के लगाए गए इन मीटरों से बिजली बिलों में भारी बढ़ोतरी हो रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के बाहर धरना भी दिया और सरकार से इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर स्मार्ट मीटरों को नहीं हटाया गया, तो युवा कांग्रेस पूरे जिले में आंदोलन तेज करेगी। प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को शांतिपूर्वक समझाया और ज्ञापन लेकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान रामनिवास सारण, मुबारिक भाटी, सिराज जोइया, रफीक चौहान, अरविन्द, यूसुफ खान, महबुब खान, शेर खान मलकाण, अंजनी शर्मा, एडवोकेट सुरेश कल्ला, सुनील मेघवाल, शाहरूख पार्षद, एडवोकेट सद्दाम हुसैन, अशोक पंवार, योगेन्द्र, अब्दुला कुरेशी, साहिल खान, अजू लुहार, समीर राणा, सोयल खान, जाहिद, तौफिक, अभिषेक पंवार, सैफ कुरेशी, समीर खान, अफराज, मुकेश बाकोलिया, नदीम लुहार, सलीम लुहार सहित सैकडो युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजुद रहें।

# पर्यावरण प्रेमी हीराराम प्रजापत की बारहवीं पुण्यतिथि पर घांघू के मुक्तिधाम में किया पौधारोपण



चूरू, (रॉयल पत्रिका)। घांघू गांव में हरियाळो राजस्थान के अंतर्गत गांव घांघू के पर्यावरण प्रेमी स्व. हीराराम प्रजापत की बारहवीं पुण्यतिथि पर घांघू के श्री बैकुंठ मुक्तिधाम में उनके परिजनों व ग्राम के लोगों द्वारा पौधारोपण का शुभारम्भ किया गया। समाजसेवी परमेश्वर लाल दर्जी ने बड़ का पौधा रोपकर पौधरोपण का शुभारम्भ करते हुए कहा कि प्रकृति और पर्यावरण के सरंक्षण के लिए पौधरोपण करना अति आवश्यक है। बिगड़ते पर्यावरण को संतुलित करने में पौधारोपण ही मील का पत्थर साबित होगा। स्व. हीराराम प्रजापत के पुत्र सामाजिक कार्यकर्ता बीरबल नोखवाल ने बताया कि पौधरोपण का यह कार्यक्रम इस सम्पूर्ण मानसून सत्र में गांव के अलग अलग सार्वजनिक स्थानों पर जारी रहेगा। उन्होंने बताया की पूर्व में लगाए गए पौधे आज बड़े पेड़ बन गए हैं और उनका लाभ पशु-पक्षी व जनमानस को मिल रहा है। इस अवसर पर बड़, पीपल, शीशम, बकाण, करंज, शिरस, सहजन आदि सहित अन्य पौधे लगाए गए। सुनील कुमार जांगिड़, रजनीश बाटू, धर्मेश कुमार, मुकेश ने पौधरोपण किया।

# गांधीभवन पर एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के जन्म दिन पर काटा केक




अजमेर, (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के जन्म दिन पर गांधी भवन पर पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में केक काटा गया और एक दूसरे को केक जन्मदिन की खुशी मनाई और खड़गे की दीर्घायु की कामना की। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के आह्वान पर सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खड़गे के जन्म दिन पर भाजपा का भ्रष्टाचार उजागर करने का संकल्प लिया। सभी ने जोश के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा जिंदाबाद के नारे लगाए

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉक्टर श्रीगोपाल बाहेती, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली, प्रदेश सचिव कैलाश झालीवाल, पार्षद नोरत गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल, वाहिद मोहम्मद, चंदन सिंह, लक्ष्मी धोलखड़िया, पूर्व पार्षद सर्वेश पारीक, मंडल अध्यक्ष गणेश चौहान कमल बैरवा, आरिफ खान, अशरफ अली, सम्राट ऊंटडा, आदि मौजूद रहे।

# नंद राय माता किए दर्शन, पुष्कर अरण्य तीर्थ प्रदक्षिणा में हुए शामिल



अजमेर, (रॉयल पत्रिका)। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने आज पैतृक ग्राम नांद में अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार प्रांत राजस्थान के तत्वावधान में "पुष्कर अरण्य तीर्थ प्रदक्षिणा" के शुभारंभ अवसर पर मंदिर परिसर में वैदिक विधि-विधान के साथ हवन यज्ञ में आहुति दी एवं चौबीस कोसी तीर्थ प्रदक्षिणा के रथों को पूजन-अर्चन के साथ रवाना किया। नंदा सरस्वती संगम कुंड पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन एवं पितृ तर्पण संपन्न हुआ। इसी के साथ पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, यह स्थल माँ नंदा और सरस्वती नदी के संगम का पावन स्थल माना जाता है। इस मौके पर नंद राय माता के दर्शन किए और पूजा अर्चना की।

# जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने किया जिला कलक्टर कार्यालय में पौधरोपण

## -कार्मिकों ने लिया पौधों की समुचित देखभाल का संकल्प



चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला कलेक्टर कार्यालय में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि प्रकृति एवं पर्यावरण हमारा दायित्व है। हम सभी प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण व संवर्धन करें। हमारी दैनिक आदतों में पर्यावरण संरक्षण एक अनिवार्य गतिविधि हो। प्रकृति से जुड़ाव हमारे मनो — मस्तिष्क एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह दीर्घकालिक प्रकृति-सेवा का संकल्प है। हम सभी परिवेश के अन्य लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करें तथा अधिकाधिक संख्या में पेड़ लगाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मिशन हरियालो राजस्थान अंतर्गत संपूर्ण प्रदेश में 10 करोड़ पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। राजस्थान को हरा— भरा प्रदेश बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। हम सभी अपने स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों के लिए संकल्पित रहे और उनका समुचित निर्वहन करें। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, पीएचईडी प्रोजेक्ट एडिशनल चीफ इंजीनियर राममूर्ति सहित अधिकारियों, कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर में नीम, पीपल, शीशम सहित कुल 50 छायादार व औषधीय पौधे लगाए और पौधों के समुचित सर्वाइवल के लिए देखभाल का संकल्प लिया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित

## -जिला कलक्टर ने अधिकारियों को आपसी समन्वय रखते हुए दी गई जिम्मेदारियों को पूरा करने के दिए निर्देश



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। स्वाधीनता दिवस समारोह (15 अगस्त, 2025) मनाये जाने एवं आयोजन की पूर्व व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि समारोह की सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध, समन्वित एवं सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जाएं ताकि आमजन को श्रेष्ठ अनुभव मिल सके। जिला कलक्टर ने बताया कि 15 अगस्त को प्रातः 8:15 बजे जिला कलक्टर निवास, 8:30 बजे जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं प्रातः 9:00 बजे जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी राजकीय, अर्द्धसरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में भी ध्वजारोहण सुनिश्चित किया जाए। मुख्य समारोह स्थल पुलिस लाईन परेड ग्राउंड पर आमजन के बैठने, पेयजल, टेंट, माइक, ध्वज एवं ध्वजारोहण, मंच संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चिकित्सा, विद्‌त, सुरक्षा, पार्किंग, पास, आवागमन और अन्य व्यवस्थाओं हेतु संबंधित अधिकारियों को सटीक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नगर परिषद, पीएचईडी, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग सहित सभी विभागों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने शहीद वीरांगनाओं व स्वतंत्रता सैनानियों के आश्रितों को ससम्मान निमंत्रण देने के निर्देश सभी संबंधित तहसीलदारों को दिए। जिला स्तरीय मुख्य समारोह में आरएसी व पुलिस बल द्वारा मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण, शहीद वीरांगनाओं व सैनिक आश्रितों का सम्मान, विद्यार्थियों द्वारा व्यायाम प्रदर्शन, नृत्य, गायन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो कार्यक्रमों की सांस्कृतिक अनुरूपता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे। 5 अगस्त तक भिजवाए प्रस्ताव :- जिला कलक्टर ने श्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए प्रशंसा पत्र हेतु विशेष उपलब्धियां सहित स्पष्ट अभिशंषा के साथ प्रस्ताव 5 अगस्त, 2025 तक भिजवाने के निर्देश दिए। प्रस्ताव भिजवाने से पूर्व विभागीय जांच एवं गत 3 वर्ष से सम्मानित सहित अन्य दिशा निर्देशों की जांच आवश्यक रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 5 अगस्त के पश्चात प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, सीओं सिटी उदय सिंह, नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना, तहसीलदार नीरू सिंह, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरि सिंह मीणा, सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# कलक्टर ने किया महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निरीक्षण

## -स्कूल परिसर की प्रतिदिन सफाई, हर क्लास में डस्टबिन रखने के दिए निर्देश
## -विद्यार्थियों को प्रतिदिन क्लास अटेंड करने के लिए प्रेरित करें - कलक्टर

**शब्बीर हुसैन**

कोटा, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर पीयूष समारिया मंगलवार प्रातः गुमानपुरा स्थित महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (मल्टीपरपज स्कूल) का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने स्कूल परिसर में सफाई व्यवस्था देखी। जिला कलक्टर ने पूछा कि विद्यालय में कितने टॉयलेट्स बने हुए हैं? उन्होंने स्कूल परिसर एवं कक्षा-कक्षों की प्रतिदिन सफाई कराने और प्रत्येक कक्षा में एक डस्टबिन रखने को कहा ताकि विद्यार्थी कचरा इधर-उधर नहीं डालकर सीधे डस्टबिन में डालें। समारिया ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से बात की और टीचर्स को पढ़ाते हुए देखा। उन्होंने पढ़ाए जा रहे टॉपिक के बारे में कुछ सवाल भी विद्यार्थियों से पूछे।

जिला कलक्टर ने स्कूल की बाल वाटिका में नन्हे बच्चों से संवाद किया। ड्रॉइंग के माध्यम से अल्फाबेट सीख रही रिदा और वैष्णवी से उन्होंने बात की। बच्ची रिदा ने बताया कि ए फॉर एप्पल सीखने के लिए एप्पल की ड्रॉइंग बनाई है। पास ही बैठी वैष्णवी ने बताया कि बी फॉर बाल सीखने के लिए उसने बॉल की ड्रॉइंग बनाई। जिला कलक्टर स्कूल की कंप्यूटर लैब पहुंचे और वहां बच्चों से उन्होंने कम्प्यूटर से संबंधित बेसिक जानकारी से जुड़े सवाल पूछे।

**पीपीटी बनाना आता है**

जिला कलक्टर ने कम्प्यूटर क्लास में पढ़ रहे विद्यार्थियों से पूछा कि कंप्यूटर में इंटरेस्ट है? क्या पीपीटी बनाना आता है? विद्यार्थियों ने हां में जवाब दिया। उन्होंने एम.एस. वर्ड की फुल फॉर्म भी पूछी जिसे बच्चों ने आसानी से बता दिया। समारिया स्मार्ट क्लास रूम भी गए और उन्होंने वहां पढ़ा रहे टीचर से मॉनिटर ऑन करने को कहा। इसके बाद वे स्कूल की मिड डे मील की व्यवस्था देखने गए और वहां पूछा कि आज क्या बना है? मिड डे मील इंचार्ज खुशबू गंधर्व ने बताया कि दाल-चावल बनाया गया है। जिला कलक्टर ने किचन में सफाई व्यवस्था सही रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य राहुल शर्मा को स्कूल में नियमित सफाई करवाने, दीवारों पर रंग रोगन करवाने के निर्देश दिए। समारिया निरीक्षण के लिए नयापुरा स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (वोकेशनल स्कूल) भी पहुंचे। यहां 12वीं की कक्षा में बच्चों की संख्या कम देखकर उन्होंने कम अटेंडेंस की वजह पूछी। उन्होंने विद्यार्थियों से टेक्स्ट बुक की उपलब्धता के बारे में भी पूछा। जिला कलक्टर ने प्रिंसिपल को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के स्कूल नहीं आने के कारण पता करें और उन्हें प्रतिदिन क्लास अटेंड करने के लिए मोटिवेट करें। यहां एक छात्रा ने जिला कलक्टर से कहा कि सर् स्कूल में इंग्लिश लिट्रेचर, भूगोल एवं होम साइंस जैसे विषय शुरू करवाएं।



**स्कूल बुकलेट देखकर कहा 'वेरी गुड'**

जिला कलक्टर कक्षा 9 में गए जहां अध्यापक इतिहास विषय पढ़ा रहे थे। इसके अलावा एक और कक्षा में उन्होंने विज्ञान विषय में एलीमेंट कम्पाउंड्स टॉपिक पढ़ाते हुए ऑब्जर्व किया। स्कूल की बाल वाटिका में नर्सरी एवं एलकेजी के बच्चों से उन्होंने बात की। स्कूल टीचर हेमलता ने स्कूल की गतिविधियों पर तैयार की गई बुकलेट दिखाई। जिला कलक्टर ने इस प्रयास की सराहना की और उसे डिजिटाईज कर दूसरों के साथ शेयर करने का सुझाव दिया। स्कूल की प्राचार्य सपना चतुर्वेदी ने बताया कि कला संकाय में प्रेक्टिकल सब्जेक्ट नहीं होने से बच्चे अन्य स्कूलों में शिफ्ट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान संकाय में प्राइवेट स्कूलों से भी आकर यहां एडमिशन लिया है। जिला कलक्टर ने प्रिंसिपल एवं स्टाफ का आह्वान किया कि वे पूरी मेहनत कर इसे बेस्ट स्कूल बनाएं।

**विद्यालय परिसर में लगाया पौधा**

हरियालो राजस्थान के तहत जिला कलक्टर ने वोकेशनल स्कूल परिसर में कनैर का पौधा भी लगाया।

# स्कूल में शिक्षण सामग्री वितरित की

**मोहम्मद यासीन**




फालना, (रॉयल पत्रिका)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय इन्द्रा कॉलोनी फालना में बालाजी परिवार द्वारा द्वारा कक्षा प्रथम से लेकर 8वीं तक के सभी बालक और बालिकाओं को नोटबुक वितरित की नोटबुक को पाकर बच्चो के चेहरे पर ख़ुशी देखने को मिली इस अवसर पर संस्था द्वारा पधारे हुए आगंतुक मेहमानों का साफ़ा एवम् माला के साथ स्वागत किया इस अवसर पर समाजसेवी अमित मेहता,अविनाश अग्रवाल उद्योग व्यापार संघ के अध्यक्ष श्याम सिंह जोधा,जसवंत सिंह देवडा,तरुण प्रजापत एवं विद्यालय परिवार से अयूब अली सैयद,नरपत सिंह राठौड,सुरेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के पश्चात समाजसेवी ,प्रेरक व विद्यालय के मुख्य संरक्षक अमित मेहता एवं विद्यालय में पधारे हुए समस्त आगंतुक मेहमानों द्वारा द्वारा 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत होने वाले विद्यालय में कार्यरत संस्थाप्रधान रामलाल गोयल और नरपत सिंह राठौड़ का माल्यार्पण व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था सदस्यों ने भामाशाह परिवार का एवं प्रेरक का आभार जताया उन्होंने कहा कि भविष्य में भी आपका संस्था को इसी तरह सहयोग मिलता रहेगा।

# कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे का जन्मदिवस मनाया



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। सिविल लाइन स्थित कांग्रेस कार्यालय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे का जन्म दिवस मनाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर मिठाई खिलाई जिला अध्यक्ष गिर्राज सिंह गुर्जर, नगर अध्यक्ष मोहन मंगल, उपाध्यक्ष रामजीलाल बेरवा, जिला सचिव बृजमोहन सिसोदिया, कुलदीप जैन, हरीश महेश्वरी, मीडिया प्रभारी अजय शर्मा, कार्यालय प्रभारी संजय गौतम, पार्षद ब्लॉक उपाध्यक्ष महेश चंदेल, नगर कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव विनोद शर्मा, एडवोकेट राजेश कवरिया, भजनलाल पार्षद, गणेश नायक आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग जनों को वितरित की इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर

## -विधायक हरलाल सहारण सहित जनप्रतिनिधि अधिकारी रहे मौजूद




**मोहम्मद अली पठान**

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय परिसर में दिव्यांग जनों को 25 इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर का वितरित की गई। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, वासुदेव चावला सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने शिरकत की। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए विधायक सहारण ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। हमारी सरकार दिव्यांग जनों के सम्मान, सुविधा और स्वावलंबन की दिशा में कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र व वंचित व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित करें। हम सभी सहयोग करें और परिवेश के पात्र व वंचित दिव्यांगों को योजनाओं से जोड़ें। इस अवसर पर जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल व वासुदेव चावला ने भी विचार व्यक्त किए। उपनिदेशक नगेंद्र सिंह राठौड़ ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान संपत सिंह, करणी सिंह, विमला गढ़वाल, रामनिवास भुवाल, मनीष जाखड़, पंकज स्वामी, लाखन सिंह, नीतू,पवन कुमार थालौड़, नरेंद्र झोरड़, विजय खेड़ीवाल सहित अन्य मौजूद उपस्थित रहे।

# किशनपुरा दिखनादा में 2000 पौधों के साथ वृहद पौधारोपण कार्यक्रम

हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की हरियालो राजस्थान पहल के तहत सघन वृक्षारोपण अभियान को लेकर ग्राम पंचायत किशनपुरा दिखनादा में मंगलवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास अधिकारी राजीव यादव ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि सरपंच तानाराम रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत क्षेत्र में 2000 से अधिक पौधे रोपे गए।

विकास अधिकारी राजीव यादव ने कहा कि राजस्थान में इस वर्ष हरियाली तीज के अवसर पर एक साथ 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में हनुमानगढ़ जिला भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से एक पेड़ अपनी मां के नाम का लगाने और हर व्यक्ति को कम से कम पांच पौधे लगाने की अपील की।

जिला प्रवक्ता नीपेन शर्मा ने पौधों के संरक्षण और महत्व पर जागरूकता बढ़ाते हुए प्रश्नोत्तरी के माध्यम से ग्रामीणों को समझाया कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। उन्होंने पौधों को संरक्षित रखने के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। सहायक अभियंता श्रीमती मीनाक्षी सहारण व युवा ग्रामीण प्रेमराज ने भी ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण में पौधों की भूमिका के बारे में जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान विकास अधिकारी राजीव यादव ने बताया कि जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव के नेतृत्व में हनुमानगढ़ जिला पूरे संभाग में पौधारोपण के मामले में अग्रणी है। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायत, सरकारी संस्थानों और ग्रामीणों का आभार प्रकट किया।

# अलम शरीफ की रस्म में हजारों लोगों ने की शिरकत

**मोहम्मद यासीन**

कपासन, (रॉयल पत्रिका)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के यौमे पैदाईस (जन्मोत्सव) के मौके पर अलम शरीफ की रस्म मे हजारो लोगो ने की शिरकत। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी के अनुसार सोमवार 25 मोहरर्म को भीलवाडा के छीपा दाऊद सेठ, हाजरा बाई एवं पूर्व दरगाह सदर निसार अहमद छीपा के खानदान के पचास सदस्यो के साथ वक्फ कमेटी सदर अनवर अहमद छीपा ने अलम शरीफ (झण्डा) बाद नमाजे जोहर के आस्ताना ए आलिया मे पेश किया। जहाँ हम्द, नात शरीफ, मनकबत, सलातो सलाम व फातिहा ख्वानी के बाद बुलन्द दरवाजा पर छीपा परिवार ने अलम वक्फ कमेटी के सदस्यो को सौंपा। वक्फ कमेटी सदस्य अशफाक तुर्किया, शराफत भाटी, मंसूर ओटवाल, शब्बीर पुंवार, सैयद ऐजाज अली ने अलम बाबा हुजूर के मोमीन मोहल्ला स्थित कुटिया पर पेश किया। कुटिया से अलम शरीफ का जुलूस हुसैनी बैण्ड़ के साथ कलन्दरी मस्जिद, बस स्टेण्ड होता हुवा दरगाह शरीफ पहुंचा। बलन्द दरवाजा पर वक्फ कमेटी नायब सदर मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी, मुबारक हुसैन शैख, खंजाची अब्दुल वहीद अंसारी, सदस्य सैयद अख्तर अली बुखारी, हाजी शरीफ मेवाती, हाजी जेनुलहसन, असलम शैख, इकबाल रंगरेज हाजी अब्दुर्रहमान मंसूरी, अकरम छीपा, अकरम मंसूरी, अकील शाह, इरफान सिलावट ने जुलूस का इस्तकबाल किया। बाद नमाज असर के



आस्ताना ए आलिया के पश्चिम तरफ कोने पर बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ राजस्थान जयपुर के वरिष्ठ सदस्य हाजी युसूफ खाँ एवं बुलन्द दरवाजा पर कमेटी पदाधिकारियों एवं वक्फ कमेटी के सदस्यो ने नारो के साथ अलम पेश किया। इस मौके पर पीरे तरीकत सैयद आदिल अली कादरी शहर काजी जावद, शहर काजी मोहम्मद सईद कपासन, शहर काजी अब्दुल मुस्तफा चिश्ती करीमी, हाजी इस्माईल मंसूरी, चित्तौड़गढ़, कालू भाई कोटा, आजाद हुसैन मंसूरी पूर्व उपसरपंच सावलियां जी, हुसैन छीपा पाली, बबला भाई, बाबु भाई छीपा रंगवाले, परवेज कुरेशी, हाजी अब्दुल करीम अंसारी उदयपुर, एडवोकेट मोहम्मद शरीफ पठान, मोहम्मद रफीक भीलवाडा, राजेन्द्र सिंह आरजिया, युसूफ भाई छीपा गंगापुर, रिटायर्ड थानेदार मूंशी खाँ उपरेडा, जाकीर खाँ राशमी एवं एडवोकेट सैयद अशफाक अली, पूर्व पार्षद अशरफ हुसैन, मोहम्मद हारून, पार्षद प्रतिनिधि रफीक भाटी एवं हजारो की तादाद मे बाबा हुजुर के शेदाई उपस्थित थे। सोमवार बाद नमाजे फज़र से ही बाबा हुजूर के यौमे पैदाईश के मौके पर हर शख्स हाथो मे फूल, बुक्का, चादर, ईत्र लिये आस्ताना ए आलिया के मुख्य मज़ार में मुबारक बाद पेश कर उल्टे पांव वापिस बाहर आकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कोई खीर तकसीम कर रहा, कोई केक काट कर खुशी मना रहा है, कोई न्याज (प्रसादी) कर रहा है। अहाता ए नूर मे महफिले मीलाद व पूरे दिन कव्वाल हज़रात ने बारी-बारी से अपने कलाम पेश किया। प्रातः11 बजे से 1:30 बजे तक दीवाना शाह माध्यमिक विद्यालय के छात्र/छात्राओ द्वारा बाबा हुजूर जन्मोत्सव के मुबारक मौके पर अहमद कबीर मंजिल मे हम्द, नात, मनकबत, बाबा हुजूर की जीवनी पेश की। इसमे पूर्व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी लियाकत अली सोरगर, मंजूर खाँ पठान, शिक्षा विद अब्दुल सलीम खाँ, मोहम्मद हुसैन खाँ, नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन बारेगामा, दिनेश चाष्टा, प्रवीण बारेगामा, पूर्व पार्षद मदन कुमावत, विजय बारेगामा एवं कई अभिभावक मोजूद थे। इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी राजेश सुवालका, तहसीलदार नासिर बेग मिर्जा, डी.वाई.एस.पी. हरजीलाल यादव, सी.आई. रतन सिंह एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

# जयपुर जिला देहात यादव महासभा के तत्वाधान में नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण

## -जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन हुआ

चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। जिला देहातं यादव महासभा के तत्व दान में नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन चौमूं के दौलशाहा बाबा के पास कृष्ण महिला छात्रावास के परिसर में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉक्टर करण सिंह यादव रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर जिला देहांत यादव महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. जगदीश प्रसाद खातोदिया ने की। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शाहपुरा विधायक मनीष यादव, अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश यादव, राजस्थान यादव महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव, महेंद्र यादव राजस्थान युवा यादव, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मदन यादव, युवा नेता छुट्टन यादव, राजस्थान यादव महासभा के महासचिव प्रोफेसर जेपी यादव, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रामगोपाल यादव, जालसू प्रधान हरदेव यादव, गोविंदगढ़ प्रधान रामस्वरूप यादव, जयपुर जिला देहात महिला अध्यक्ष वंदना यादव, समाज के युवा नेता हरीश यादव, विश्व यादव परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रामदेव यादव, चौमूं से कमल सिंह यादव, उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम से पहले आए हुए जनप्रतिनिधियो ने आराध्य देव भगवान कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष




दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का जयपुर जिला देहांत यादव महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर जगदीश प्रसाद खातोदिया ने एवं उनकी टीम के द्वारा माल्यार्पण कर साफा बंधवाकर मोमेंटो देखकर अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते कार्यक्रम मे आए हुए यादव समाज के बंधुओ ने अपने-अपने विचार रखें। इस अवसर पर शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने बताया अतिथियों ने समाज मे शिक्षा को बढ़ावा देने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और राजनीति के रूप से एक जुट होने का आह्वान किया वही समाज की युवा प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ाने की बात कही इस मौके पर नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्षों एवं जयपुर जिला देहात यादव महासभा की कार्यकारिणी के पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर यादव समाज की स्मारिका का विमोचन अतिथियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जयपुर जिले के जनप्रतिनिधियों का दुपट्टा पहन कर वह स्मृति चिन्ह देखकर के सम्मान किया गया। कार्यक्रम के समापन की ओर पर में जयपुर जिला देहात यादव महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर जगदीश प्रसाद खातोदिया ने बताया कि जिले से यादव समाज के बंधुओ ने तीसरी मंजिल भवन निर्माण कार्य शुरू होने पर 40 लाख की राशि का सहयोग हुआ इसको लेकर जिला अध्यक्ष खातोदिया नेभामाशाहो साफा माला पहनाकर मोमेंटो देकर सम्मान किया एवं महिलाओं का भी आभार प्रकट किया ओर आए हुए सभी यादव बांधों को भोजन प्रसादी ग्रहण करवाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व सरपंच बाबूलाल जडवाल, बंशीधर मंडल, रामचंद्र भोमाका, दूदू से से मोहनलाल आफरिया , बोदूराम जी, सरदार मल, रामस्वरूप डागर, वरिष्ठ अध्यापक कैलाश यादव, भीम सिंह ठोठवाल, नंदकिशोर, कमल कुमार, जगदीश खातोदिया, राकेश यादव, लाल चंद यादव, एडवोकेट सुरेंद्र मेला, पंचायत समिति सदस्य लालचंद यादव, मालीराम गंगासागर, सहित सभी तहसीलों से यादव समाज के लोग पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया ।

# ऑल इंडिया कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन पर मिठाई खिलाकर मनाया गया



चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर आथुना मोहल्ला में कांग्रेस जनों ने आज आल इंडिया कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के जन्मदिन पर बच्चों को मिठाई खिलाकर मनाया। इस अवसर पर चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने कहा खड़गे ने लोकतांत्रिक तथा संवैधानिक मूल्यों की रक्षा दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कर रहे हैं। आपका संघर्षशील व्यक्तित्व एवं पार्टी के लिए समर्पण हम सभी के प्रेरणादायक है। आप राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पूरे देश में लोकतंत्र व संविधान बचाने के लिए किए जा रहे प्रयास मजबूती के लिए आपका संघर्ष काबिले तारीफ़ है।हम ईश्वर से आपके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना करते हैं। इस अवसर पर आरिफ़ पीथीसर, बजरंग बजाड़, सलीम पि ए,दिलीप सिंधी, नासिर अली,जाकिर मुश्ताक, अली हसन गौरी ,रामकरण मेघालय सैय्यद सोलंकी, जितेन्द्र शर्मा, राजेंद्र सैनी आदि उपस्थित थे।

# प्राधिकरण सचिव भाटी ने किया सखी वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण



पाली, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार आज सोमवार को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), पाली विक्रम सिंह भाटी द्वारा राजकीय बांगड़ चिकित्सालय में संचालित सखी वन स्टॉप सेन्टर का औचक निरीक्षण किया गया। सचिव भाटी द्वारा केन्द्र प्रबन्धक सुश्री देवी बामणिया से सखी वन स्टॉप सेन्टर पर पीड़िताओं के लिये आवासीय सुविधाओं इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। केन्द्र में घरेलू हिंसा पीड़ितों के लिए अस्थाई आवास की सुविधा उपलब्ध है। निरीक्षण के दौरान सखी वन स्टॉप सेन्टर के रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। केन्द्र पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा में पाया गया कि केन्द्र द्वारा सक्रिय व प्रभावी रूप से कार्य किया जा रहा है। सेन्टर पर सहायता के लिए पीड़ित महिलाओं को प्रदान की गई सहायता के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। काउंसलिंग के लिए पीड़ित महिला को हर संभव सहायता प्रदान करने एवं विधिक सहायता अपेक्षित होने पर निःशुल्क विधिक सहायता हेतु प्राधिकरण को आवेदन पत्र प्रेषित किये जाने के संबंध में सचिव भाटी द्वारा केन्द्र प्रबन्धक को निर्देश दिये गये। वन स्टॉप सेन्टर के विभिन्न रजिस्टरों एवं पत्रावलियों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए एवं विगत माह के आंकडे एकत्रित किए। इसके साथ ही प्रबन्धक देवी बामणिया ने प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी निकिता जैन, अक्षीता जैन एवं रेखा चौधरी को सखी वन स्टॉप की कार्यप्रणाली के बारे में अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रबन्धक देवी बामणियां, काउंसलर सोनीया जोशी आदि उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा

## -स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में दिए निर्देश

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने डीओआईटी वीसी सभागार में आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक व स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि सभी उपखंड अधिकारी अपने क्षेत्र में बरसात को लेकर संसाधनों व व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंधन करें। इस बार जिले में औसत से अधिक बरसात हुई है। इसलिए बरसात की संभावनाओं को देखते हुए समुचित प्रबंध करें और आवश्यक संसाधनों की आवश्यकताएं आदि की सूचना दें ताकि समुचित पूर्ति की जा सके। इसी के साथ बारिश के कारण विभिन्न क्षेत्रों में दुर्घटनाओं आदि से पशुधन, जान—माल आदि नुकसान के मुआवजा के लिए एसडीआरएफ एवं सीएमआरएफ के तहत रिपोर्ट करें ताकि नियमानुसार सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने संपर्क पोर्टल, जनसुनवाई व सीएमओ से संबंधित प्रकरणों को लेकर कहा कि सभी अधिकारी प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में निस्तारण करें। प्रकरणों में डिस्पोजल टाइम कम करते हुए संतुष्टि स्तर को बढ़ाएं। शासन—प्रशासन इन प्रकरणों को लेकर गंभीर है। इसलिए संवेदनशीलता से इन प्रकरणों का समुचित निस्तारण करें जिला कलक्टर ने विकास




अधिकारियों एवं नगरनिकाय अधिकारियों से कहा कि उनके क्षेत्र में बनाए गए रिचार्ज स्ट्रक्चर का समुचित डॉक्यूमेंटेशन किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने विभाग के पोर्टल पर अद्यतन जानकारी रखें व विभागीय गतिविधियों के बारे में स्पष्ट रहें। विभाग से संबंधित गतिविधियों का समुचित एनालिसिस करते हुए समुचित क्रियान्विति की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में हरियालो राजस्थान अभियान अंतर्गत आयोजित की जाने वाले गतिविधियों में सभी विभाग अधिकारी समुचित कार्यवाही करें। सभी उपखंड अधिकारी विकास अधिकारी सुनिश्चित करें कि अभियान से संबंधित पोर्टल पर दर्ज किए जाने वाले डाटा सही एवं स्पष्ट हो। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी गंभीरता बरतें और कार्यों की समुचित मॉनीटरिंग करें।उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी विभागीय दायित्वों का समुचित निर्वहन करें। विभाग स्तर पर की जाने वाली तैयारियों के लिए अभी से ही अभ्यास करें ताकि एनवक्त पर किसी प्रकार की परेशानी न हो। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर सभी अधिकारी टीम को मुस्तैद करें और सभी कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे करें। जिला कलक्टर ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत एक्टिव किसानों की फार्मर रजिस्ट्री, जल भराव क्षेत्रों में बनाए जा रहे रिचार्ज स्ट्रक्चर, घर-घर कचरा संग्रहण, विधायक व सांसद निधि अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना सहित विभिन्न गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, एएसपी लोकेंद्र दादरवाल, एडीपीएस नरेश टुहानिया सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे तथा वीसी के जरिए उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

# जिला स्तरीय अधिकारी करेंगे खाद्य सुरक्षा के अपात्र परिवारों की जांच

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निदेर्शानुसार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा गिव अप अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत जुड़े अपात्र परिवार स्वेच्छा गिव-अप करते हुए पृथक हो सकते है। खाद्य मंत्री सुमित गोदारा द्वारा जिला स्तर पर गिव - अप अभियान की समीक्षा के दौरान रेण्डमली पांच प्रतिशत आवेदनों की जाँच जिला स्तरीय अधिकारियों से करवाने के निर्देश दिये, जिनके क्रम में जिला कलक्टर द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम बनाकर जाँच के निर्देश दिये है। जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा जाँच के दौरान ऐसे परिवारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी, जो खाद्य सुरक्षा के नियमो अपात्र



पाये जाने वाले परिवारों के विरूद्ध होगी सख्त कार्रवाई के अनुसार अपात्र है जैसे जिनके परिवार मे सरकारी, अर्द्ध सरकारी कर्मचारी हो, जिनके पास चार पहिया वाहन (एक वाणिज्यक वाहन को छोडते हुए), परिवार की एक लाख आय, लघु कृषक की निर्धारित सीमा से अधिक जमीन, पक्का मकान (शहरी क्षेत्र में 1000 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल में निर्मित पक्का आवासीय/व्यवसायिक परिसरधारी परिवार, कच्ची बस्ती को छोड़कर एवं ग्रामीण क्षेत्र में 2000 वर्ग फीट से अधिक स्वयं के रिहायश हेतु निर्मित पक्का मकान) हो तथा खाद्यान का लाभ भी ले रहे हो, ऐसे परिवारों से खाद्यान की बाजार दर से वसूली की कार्रवाई की जायेगी। राजस्थान में चल रहे गिव अप अभियान ने सामाजिक जागरूकता और आर्थिक उन्नति की एक प्रेरणादायक तस्वीर पेश की है।

# ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर केवलानंद महाराज की प्रथम वार्षिक वर्षी पर मूर्ति अनावरण समारोह आयोजित



**मोहम्मद यासीन**

सोजत, (रॉयल पत्रिका)। ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर ब्रह्मनिष्ट श्रोत्रीय 1008 स्वामी केवलानंद जी महाराज की प्रथम वार्षिक वर्षी पर उनकी मूर्ति अनावरण भव्य समारोह केवल अपरोक्ष आश्रम आचार्य पीठ में आयोजित कर किया गया। जिसमें वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी सोमेश्वरानंद गिरी महाराज हरिद्वार, महंत चेतनानंद गिरी महाराज हरिद्वार, महामंडलेश्वर 1008 स्वामी अमृतराम महाराज रंजीत आश्रम बालोतरा, महामंडलेश्वर डॉक्टर आचार्य ओमजी महाराज प्रदेशाध्यक्ष षड् दर्शन साधु समाज अखिल भारतीय सनातन धर्म रक्षा समिति, स्वामी पूर्णानंद महाराज सहित कई संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर देशभर से आए संत व अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। इस अवसर पर संत बढ़ावा एवं शोभा यात्रा व महाप्रसादी व संत्सग प्रवचन भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर महामंडलेश्वर साध्वी प्रेमानंद महाराज, संत मोहन राम महाराज, संत गणेश रामदास महाराज, ठेकेदार बालू राम, सुरेश कुमार, कालूभाई खजवाणिया, भूपेंद्र, महावीर अखावत शंकर लाल बामनिया, कालूराम भाटी आदि कई संत व भक्तजन उपस्थित थे।

# नयापुरा बस्ती में पानी की निकासी नहीं होने से लोगों को करना पड़ रहा है कठिनाइयों का सामना

## -नगर परिषद सहित जिला कलेक्टर तक को दे दिए ज्ञापन, लेकिन नहीं हुआ समाधान

## -नाला निर्माण हो तो मिले बस्ती वालों को राहत

**शब्बीर हुसैन**

बारां,(रॉयल पत्रिका)। बारां शहर के मांगरोल दरवाजे के समीप स्थित नयापुरा बस्ती में कई सालों से जल निकास की समस्या बनी हुई हैं। इसके लिए बस्ती वाले, नगर परिषद से लेकर जिला कलेक्टर तक कई बार ज्ञापन दे चुके है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ, आज भी एक से दो फिट तक बरसाती व नालियों के पानी में होकर बस्ती वालों को निकलना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी रईस राजा ने बताया कि बस्ती का पानी या तो खाली पड़े भूखंडों या फिर सड़कों पर ही भर रहा है जिससे बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। निवासी इदरीस भाई कारीगर, फारूक राईन ने बताया कि पूरे साल भर ही ऊपरी हिस्से की बस्ती का पानी यहां भरा रहता है। कई सालों से



बस्ती के पानी के निकास के लिए नाला निर्माण की मांग करते आ रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। नाला निर्माण के लिए हाल ही में वार्ड नंबर 30 की पार्षद अंजली भूमलिया के नेतृत्व में वार्डवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा था लेकिन आज तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर परिषद ओर जिला प्रशासन को नयापुरा की इस समस्या के प्रति गम्भीर होकर इसके समाधान के लिए प्रयास करने चाहिए ताकि यहां नाला निर्माण हो सके जिससे कि जलभराव की समस्या से पूरे इलाके को निजात मिल सके।

# राजस्थान के नए पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा को अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य

## -बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर किया सम्मानित

चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। पुलिस मुख्यालय, लाल कोठी में राजस्थान पुलिस के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा को पदभार ग्रहण करने पर अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित डॉक्टर रविंद्र आचार्य ने शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर उन्हें बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर, श्याम कलम और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। राजीव शर्मा से शिष्टाचार भेंट के दौरान कई धार्मिक विषयों पर चर्चा हुई। उन्हें खाटू श्यामजी के दर्शन के लिए आमंत्रित किया गया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता सिविल लाइंस भवानी शंकर शर्मा, युवा नेता श्याम नगर सिविल लाइंस जयपुर दिलीप सिंह राठौड़, चौमूं से भगवान सहाय यादव वरिष्ठ पत्रकार, जगदीश प्रसाद शर्मा, सुनील अग्रवाल, मनीष चौधरी,



दीपक यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मदरसा जामिया इनामुल उलूम में पौधारोपण

बिसाऊ, (रॉयल पत्रिका)। इंसानियत एकता सेवा समिति द्वारा चल रहे हरियाली है तो खुशहाली है पौधरोपण अभियान के तहत मदरसा जामिया इनामुल उलूम और रेलवे स्टेशन के पास पौधरोपण किया गया।इस अवसर पर समिति संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब ने बताया कि पर्यावरण को बेहतर बनाने और तापमान को कम रखने में पेड़-पौधों की अहम भूमिका रहती है। इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उनका संरक्षण और उनकी सार- संभाल करनी चाहिए। इस दौरान हाफिज अब्दुल अजीम, कारी मोहम्मद नदीम , मौलवी ताज मोहम्मद, मौलवी मोहम्मद फराहीम, मौलवी मोहम्मद सुफियान, प्रदीप सैन, संजय सिंह, जुबेर खान, माज खान, रेहान



खान, साद खान, मोहम्मद शोयब, अब्दुल हकीम आदि मौजूद रहे।

# राजकीय अल्पसंख्यक बालक छात्रावास में प्रवेश हेतु आवेदन 30जुलाई तक

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा चूरू जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय अल्पसंख्यक बालक छात्रावास (50 बेडेड) में सत्र 2025-26 में आवेदन 30 जुलाई, 2025 तक लिए जाएंगे। जिला अल्पंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि छात्रावास में प्रवेश हेतु कक्षा 9 से उच्चतर कक्षाओं, पाठ्यक्रमों, विद्यालय, महाविद्यालय, शिक्षण संस्थाओं, व्यावसायिक संस्थाओं आदि में नियमित रूप से अध्ययनरत मुस्लिम, सिख, जैन, पारसी, बौद्ध व ईसाई आदि अल्पसंख्यक वर्ग के इच्छुक छात्र 30 जुलाई, 2025 तक जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि छात्रावास में निःशुल्क ठहरने व खाने-पीने की गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था व आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।



# सलाकार में दिखेगी देशभक्ति और जासूसी से भरपूर कहानी

**मुंबई।** अगस्त के महीने में हर बार देशभक्ति से भरपूर फिल्में और वेब सीरीज भारी मात्रा में रिलीज होती हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही होने वाला है। इसी क्रम में अब एक और प्रोजेक्ट सलाकार 8 अगस्त से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम करेगी। जिसमें जासूसी से भरी कहानी दिखाई जाएगी। कहानी भारत-पाकिस्तान आधारित होगी। जहां पाकिस्तान को रोकने के लिए भारत एक होशियार अधिकारी को वहां भेजती है। जो स्पाई भी है और अधिकारी भी है। वीडियो में उसे तुरुप का इक्का बताते हुए उसकी खूबियां गिनाई जाती हैं। जो पूर्व आईपीएस ऑफिसर भी है। वो पाकिस्तान में छिपकर रहता है। सलाकार की कहानी कहीं न कहीं राष्ट्रीय सलाहकार अजीत डोभाल पर आधारित है।

## लाइफ Style

# आलिया



## एशियन प्रोजेक्ट के लिए चुनी गई डिफिकल्ट डॉटर्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आलिया भट्ट इन दिनों सुर्खियों में हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डिफिकल्ट डॉटर्स' बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (बीआईएफएफ)' के लिए चुनी गई है। डेडलाइन के मुताबिक यह फिल्म उन 30 फिल्मों में से एक है जो एशियन प्रोजेक्ट मार्केट (एपीएम) के लिए चुनी गई है।

फिल्म का निर्देशन आलिया की मां सोनी राजदान ने किया है। इसकी निर्माता आलिया भट्ट, उनकी बहन शाहीन भट्ट और एलन एमसीएलेक्स हैं। डिफिकल्ट डॉटर्स एशिया भर से चुनिंदा फिल्मों में से एक है, जिसे एपीएम में प्रदर्शित किया जाएगा। इस प्रोग्राम में फिल्म निर्माता अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों और सह-निर्माताओं से जुड़ेंगे। इस सूची में एक और प्रोजेक्ट 'द लास्ट ऑफ देम प्लेग्स' है। इसका निर्देशन कुंजिला ने किया है और इसका निर्माण अभिनेत्री कनी कुसरुति और पायल कपाड़िया ने किया है। कुसरुति पिछले साल बीआईएफएफ के न्यू करंट्स सेक्शन की जूरी सदस्य थीं। बीआईएफएफ में फिल्म मून को भी चुना गया है। इसके निर्देशक प्रदीप कुर्बाह हैं। आलिया भट्ट आखिरी बार वासन बाला की फिल्म 'जिगरा' में नजर आई थीं। उन्होंने इस फिल्म में अभिनय भी किया और इसकी निर्माता भी थीं। फिल्म की कहानी एक बहन के अपने भाई को जेल से छुड़ाने के मिशन पर आधारित है। वह अगली बार यशराज फिल्म्स की जासूसी फिल्म 'अल्फा' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। वह संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित 'लव एंड वॉर' में भी काम कर रही हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# बजट से दोगुनी हो गई कमाई

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की सुपरहीरो फिल्म सुपरमैन ने रिलीज के साथ ही पूरी दुनिया में तहलका मचा दिया है। जेम्स गन ने फिल्म को कुछ इस नए अंदाज में पेश किया है कि ये हर किसी की दिल जीत रही है। अगर सुपरमैन के बजट की बात करें तो यह लगभग 1940 करोड़ रुपए है। इस भारी-भरकम बजट के साथ बनी यह सुपरहीरो फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक 3510 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है।



# टॉम ट्रूप ने थिएटर में भी कमाया नाम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम ट्रूप का निधन हो गया है। उन्होंने छह दशकों तक मंच और पर्दे (फिल्म और टीवी) पर अपने अभिनय से लोगों का दिल जीता। वह 97 वर्ष के थे। टॉम ट्रूप ने ब्रॉडवे प्रोडक्शन्स में अच्छा काम किया है। उन्होंने 75 से अधिक टीवी शोज में जबरदस्त किरदार निभाए हैं। स्टार ट्रेक, मिशनः इम्पॉसिबल, फ्रेजियर और चीयर्स जैसी मशहूर सीरीज में उन्होंने शानदार काम किया है। उनके प्रदर्शन ने उन्हें हर पीढ़ी के दर्शकों के बीच लोकप्रिय बना दिया। साल 1957 में उन्होंने ब्रॉडवे नाटक द डायरी ऑफ ऐन फ्रैंक से अभिनय में डेब्यू किया। 1958 में वे लॉस एंजिल्स चले गए। इसके बाद से उनका हॉलीवुड सफर शुरू हुआ।



# वीर के साथ रिलेशनशिप किया कन्फर्म...

**मुंबई।** तारा सुतारिया एक बार फिर अपने रिलेशनशिप स्टेटेस को लेकर सुर्खियों में हैं। तारा और वीर पहाड़िया के बीच की नजदीकियां एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई हैं। अब वीर का एक कमेंट दोनों के बीच डेटिंग की अफवाहों को हवा दे रहा है। दरअसल, एक दिन पहले तारा सुताारिया ने पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों के साथ एक तस्वीर शेयर की हैं, जिस पर वीर पहाड़िया ने एक प्यारा सा कमेंट किया। तारा के लेटेस्ट पोस्ट पर वीर ने 'माय लव' लिखते हुए कमेंट किया, जिसके जवाब में तारा ने रिप्लाई देते हुए माइन लिखा। दोनों के बीच इस बातचीत को देखकर फैंस को ये समझने में ज्यादा देर नहीं लगी कि दोनों शायद अपने रिलेशनशिप की तरफ इशारा कर रहे हैं। कई लोगों ने तो ये भी कहा कि अब फाइनली दोनों ने अपने रिश्ते को पब्लिकली एक्सेप्ट कर लिया है।




# धड़क-2 का गाना तेरे संग लागी जो... रिलीज

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'धड़क 2' का एक और गाना 'प्रीत रे' सोमवार को रिलीज हुआ। इस गाने को लेकर करण जौहर ने भी एक खास पोस्ट शेयर किया है। फिल्म 'धड़क 2' का गाना 'प्रीत रे' सोमवार को रिलीज हुआ। इस गाने में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। 'प्रीत रे' गाने का संगीत रोचक कोहली ने दिया है। इस गाने को दर्शन रावल, जोनिता गांधी और रोचक कोहली ने अपनी आवाज से सजाया है। इस गाने के म्यूजिक कंपोजर रोचक कोहली हैं। करण जौहर ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'धड़क 2' के गाने 'प्रीत रे' की रिलीज को लेकर गाने का वीडियो शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'रेशमी से धागे हैं, सांसें दौड़ें भागें हैं, तेरे संग लागी जो प्रीत रे।

## टीवी मसाला



# आदित्य श्रीवास्तव को सीआईडी के अभिजीत बनकर मिली अलग पहचान

**नई दिल्ली।** आदित्य श्रीवास्तव ने हमेशा से अभिनय की दुनिया में कदम रखने की ठानी थी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में ग्रेजुएशन के दौरान थिएटर करने लगे। आगे चलकर दिल्ली आए और यहां भी थिएटर में सक्रिय हुए। आदित्य को बॉलीवुड में पहला मौका शेखर कपूर ने अपनी फिल्म बैंडिट क्वीन में दिया था। इसके बाद वह कई फिल्मों और टीवी सीरियल में दिखे। मगर टीवी पर पहचान आदित्य को शो सीआईडी के जरिए मिली। 20 साल तक वह इस शो का हिस्सा रहे। छह साल के गैप के बाद सीआईडी फिर शुरू हुआ, इसमें भी आदित्य नजर आ रहे हैं। मगर इस किरदार के अलावा उन्होंने कई फिल्मों में बेहतरीन किरदार भी किए हैं। रामगोपल वर्मा निर्देशित फिल्म सत्या (1998) के अधिकतर किरदार दर्शकों को आज भी याद हैं। इस फिल्म में मनोज वाजपेयी, सौरभ शुक्ला, परेश रावल, उर्मिला मातोंडकर जैसे उम्दा कलाकारों के साथ अपनी अदाकारी दिखाने का मौका आदित्य श्रीवास्तव को भी मिला। फिल्म में उन्होंने इंस्पेक्टर खांदीलकर का किरदार निभाया था। शाहरुख खान की फिल्म 'दिल से(1998)' में मनीषा कोइराला ने एक आतंकवादी का रोल किया। फिल्म में एक आतंकी का रोल आदित्य श्रीवास्तव ने भी किया था। यह ऐसा किरदार था, जो अपने मकसद से पीछे हटने को राजी नहीं होता है। इस फिल्म का निर्देशन मणि रत्नम ने किया था। 2004 में ऋतिक रोशन की फिल्म 'लक्ष्य' में आदित्य श्रीवास्तव ने एक अहम किरदार निभाया। वह लेफ्टिनेट कर्नल प्रदीप के रोल में नजर आए। एक फौजी के साहस को, शौर्य को यह किरदार बखूबी दिखाता है।

## 29 को रिलीज होगा नागिन 7 का पहला टीजर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-निर्देशक एकता कपूर इन दिनों अपने टीवी सीयियल नागिन के सीजन सात को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। नागिन 7 के आने का हर एक प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहा है।



एकता सीरियल नागिन के अभी तक छह सीजन की कहानी को रोमांचक तरीके से पर्दे पर पेश करती आई हैं। अब वह जल्द ही 'नागिन 7' लेकर आने वाली हैं। नागिन के दीवानों, तैयार हो जाइए! नागिन सीजन 7 का रोमांचक टीजर इस नाग पंचमी, 29 जुलाई को रिलीज होगा। नागिन के अभी तक छह सीजन दर्शकों को मनोरंजन कर चुके हैं। वहीं अब फैंस को नागिन सीजन 7 के आने का बेसब्री से इंतजार है। नागिन 7 में ईशा मालवीय और विवियन डीसेना मुख्य भूमिका में नजर आ सकते हैं। एकता के सीरिल नागिन में कई चेहरों को पहचान दिलाई है।

# हंसा-हंसा कर लोटपोट कर देंगी ये सीरीज एक में कोर्टरूम बना कॉमेडी का अखाड़ा

**नई दिल्ली।** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की वो 5 वेब सीरीज जिनमें कॉमेडी का भरपूर तड़का है। जिन्हें देखने के बाद आपका दिन बहुत ही खास और शानदार बन जाएगा। इनमें से एक सीरीज में तो कोर्टरूम ही कॉमेडी का अखाड़ा बन गया था। इनमें पहली है रवि किशन, नैला ग्रेवाल, निधि बिष्ट और अनंत जोशी जैसे शानदार कलाकारों जैसी सीरीज मामला लीगल है। इस कोर्टरूम ड्रामा सीरीज को राहुल पांडे ने डायरेक्ट किया है। ये सीरीज पटपड़गंज डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के वकीलों की रोजाना जिंदगी को दिखाती है। इस सीरीज के हर एपिसोड में कानून के नाम पर कुछ ऐसा दिखाया गया है जिसे देख आप अपना पेट पकड़ के हंसने लगेंगे।

***दिल को छूने वाली टीनएज कॉमेडी :*** ये एक मजेदार और दिल को छूने वाली टीनएज कॉमेडी है, जिसमें पांच दोस्त, एरिन, ओरला, क्लेयर, मिशेल और जेम्स की कहानी दिखाई गई है। ये सब 1990 के दशक के उत्तरी आयरलैंड में रहते हैं, जब वहां राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल चल रही थी, जिसे 'मुसीबतें' कहा जाता है। ये सभी दोस्त एक




कैथोलिक लड़कियों के स्कूल में पढ़ते हैं इस सीरीज में दिखाया गया है कि कैसे ये पांचों स्कूल की लाइफ, दोस्ती, प्यार और अपने आस-पास की मुश्किलों के बीच मजेदार और अजीब हालातों में फंसते रहते हैं। इसका हर एपिसोड भी दिल छू लेने वाला है।

***मिडिल क्लास आदमी की कहानी:*** मावन कौल की वेब सीरीज त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर एक सिद्धांतों पर चलने वाले मिडिल क्लास आदमी की कहानी है। सीरीज की शुरुआत त्रिभुवन मिश्रा (मानव कौल) के सफर से होती है, जो एक सरकारी दफ्तर में काम करने वाला एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। इस वेब सीरीज की कहानी त्रिभुवन के दोहरे जीवन और आपराधिक अंडरवर्ल्ड के माध्यम से उसकी यात्रा पर आधारित है, ये सीरीज कई मजेदार कॉमेडी के साथ आगे बढ़ती है।

***डार्क कॉमेडी जीत लेगी दिल :*** डेरी गर्ल्सः एक डार्क कॉमेडी सीरीज है। यानी इसमें गहरे और गंभीर मुद्दों को भी मजाकिया अंदाज में दिखाया गया है। इस सीरीज की कहानी शुरू होती है जेन से, जो अपने पति की एक कार एक्सीडेंट में मौत के बाद बहुत गुस्से और दुख में डूबी हुई है। ये सीरीज के लिए भी आप वक्त निकालेंगे तो ये सीरीज आपको दिन बना देगी।

***जबरदस्त डायलॉग्स और हास्य से भरपूर पल :*** अरेस्टेड डेवलेप्मेंट ये एक बेहद तारीफ पाने वाली कॉमेडी सीरीज है, जो ब्लूथ परिवार की कहानी दिखाती है। ये एक अमीर और बिगड़ा हुआ परिवार है, जिसकी जिंदगी तब उलट-पुलट हो जाती है जब परिवार के मुखिया जॉर्ज ब्लुथ सीनियर को अपनी रियल एस्टेट कंपनी में धोखाधड़ी करने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया जाता है।

# कोरियन फिल्म की कॉपी है सैयारा, सब कुछ है सेम!

*मुंबई। फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर वो कमाल करके दिखाया है जो बॉलीवुड की किसी फिल्म ने बीते कई सालों से नहीं किया। दो डेब्यू एक्टर्स की फिल्म सुपरहिट हो गई है और इसका जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। बेहिसाब लोग फिल्म देखने थिएटर्स में पहुंच रहे हैं और मूवी देखने के बाद आंसू बनकर उनकी आंखों से छलकते इमोशन्स के क्लिप भी इंटरनेट पर आ रहे हैं। लेकिन, अब इसी बीच सोशल मीडिया पर कुछ लोगों का दावा है कि यह फिल्म असल में एक कोरियन फिल्म की कॉपी है। लोगों का कहना है कि सैयारा और साल 2004 में आई कोरियन फिल्म अ मोमेंट टु रिमेंबर की कहानी का प्लॉट काफी हद तक एक जैसा है। फिल्म के डायरेक्टर मोहित सूरी ने अभी तक इस बारे में कोई रिएक्शन नहीं दिया है। सोशल मीडिया पर एक शख्स ने लिखा- सैयारा एक कोरियरन फिल्म की कॉपी है। मोहित सूरी विरले ही कभी कोई ऑरिजनल फिल्म बनाते हैं। वहीं ,दूसरे ने लिखा- दोनों फिल्मों में ज्यादातर चीजें एक जैसी हैं। दोनों फिल्मों की कहानी और एंडिंग भी सेम है। फिल्म के बारे में एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट किया- मोहित सूरी और उनका साउथ कोरियन फिल्मों को लेकर प्यार। एक विलेन भी आई सॉ द डेविल से प्रेरित होकर बनाई थी। कोरियन फिल्म 'अ मोमेंट टु रिमेंबर' की करें तो जॉन एच ली के निर्देशन में बनी यह फिल्म साल 2004 में रिलीज हुई थी और उसे बेहिसाब प्यार मिला था। यह फिल्म आपको नेटफ्लिक्स पर देखने मिल जाएगी। इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 रही थी और इसे अलग-अलग देशों की जनता ने सराहा था।*



## इंटरनेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में अवॉर्ड जीतने वाले पहले भारतीय थे शिवाजी गणेशन

# 7 साल की उम्र में शुरू किया थिएटर, पहली ही फिल्म में निकालना चाहते थे मेकर्स

*मुंबई। महज सात साल की उम्र में स्टेज पर पहुंचना और थिएटर करना, वो भी घरवालों की मर्जी के खिलाफ। उसके बाद फिल्मों में एंट्री और देखते-देखते ही 250 से अधिक फिल्में और भारतीय सिनेमा की पहचान बन जाना। ये कोई फिल्मी कहानी नहीं है, बल्कि भारतीय सिनेमा के दिग्गज और तमिल सिनेमा के सुपरस्टार शिवाजी गणेशन की असल जिंदगी का फलसफा है।*

### पूरी दुनिया में थी लोकप्रियता

1 अक्टूबर 1928 को मद्रास (अब चेन्नई) के विल्लुपुरम में गणेशमूर्ति के नाम से जन्में शिवाजी गणेशन की गिनती तमिल सिनेमा के एक दिग्गज अभिनेता और निर्माता के तौर पर होती है। शिवाजी गणेशन की लोकप्रियता सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में थी। उन्हें विदेशों में भी काफी सम्मान दिया जाता था। उनकी लोकप्रियता का आलम ये था कि लोग उन्हें सिर्फ लीड एक्टर के तौर पर ही देखना चाहते थे। 21 जुलाई 2001 को दुनिया को अलविदा कहने वाले शिवाजी गणेशन की सोमवार को 24वीं पुण्यतिथि थी।

### भरतनाट्यम, कथक और मणिपुरी डांस सीखे

शिवाजी गणेशन को बचपन से ही ड्रामा करने का शौक था। इसीलिए उन्होंने सिर्फ सात साल की उम्र में ही अपना घर छोड़कर थिएटर ग्रुप ज्वाइन कर लिया। इसके बाद दस साल की उम्र में वह तिरुचिरापल्ली चले गए और संगिलियंदपुरम में एक थिएटर ग्रुप में शामिल हो गए और स्टेज पर नाटक करने लगे। इसी दौरान उन्होंने एक्टिंग के साथ-साथ डांस भी सीखा। उन्होंने भरतनाट्यम, कथक और मणिपुरी जैसे अलग-अलग डांस सीखे। शिवाजी गणेशन कई वर्षों तक थिएटर से जुड़े रहे।

### करुणानिधि ने लिखी थी स्क्रिप्ट

कृष्णा-पंजू की जोड़ी द्वारा निर्देशित पराशक्ति के डिस्ट्रीब्यूटर पीए पेरुमल मुदलियार थे। पीए पेरुमल मुदलियार शिवाजी गणेशन की थिएटर के दिनों में निभाई गई नूर जहां की भूमिका से काफी प्रभावित हुए थे। इसके बाद उन्होंने गणेशन को फिल्म का ऑडिशन देने के लिए फ्लाइट के टिकट भेजकर मद्रास बुलाया। हालांकि, पराशक्ति की शुरुआत गणेशन के लिए अच्छी नहीं रही। जब शूटिंग शुरू हुई और फिल्म के काफी हिस्से की शूटिंग हो चुकी थी, तो मेकर्स गणेशन के दुबले-पतले शरीर से नाखुश थे और उनकी जगह के.आर. रामासामी को लेना चाहते थे। लेकिन, पेरुमल ने इनकार कर दिया। यही नहीं, गणेशन के कई सीन भी पसंद नहीं थे, जिन्हें दोबारा से फिल्माया गया।



### 1952 में पराशक्ति से किया फिल्मी दुनिया में डेब्यू

कई साल तक थिएटर करने के बाद साल 1952 में शिवाजी गणेशन की पहली फिल्म परमशक्ति रिलीज हुई। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और कई थिएटर्स में 175 दिनों से भी ज्यादा दिन तक चली।

### दीं कई यादगार फिल्में

इसके बाद शिवाजी गणेशन ने एक के बाद एक कई यादगार और सुपरहिट फिल्में दीं। जिनमें वीरपांडिया कट्टाबोमन, 'पसमलर, उथमा पुथिरन, पालुम पजहमम, इरुम्बु थिराई, पडिक्कधा मेधाई, पावा मन्निप्पु, पडिथल मट्टुम पोधुमा, आलयामणि, इरुवर उल्लम, अन्नाई इल्लम, आनंदवन कट्टलाई, कप्पलोटिया थमिजान, काई कोडुथा धीवम, पुथिया परवई और उनकी 100वीं फिल्म नवरात्रि शामिल हैं। शिवाजी ने अपने कॅरियर में फैमिली ड्रामा से लेकर रोमांटिक, कॉमेडी और क्राइम-थ्रिलर जैसी हर तरह की भूमिकाएं निभाईं और सबमें सफलता हासिल की।

### गणेशमूर्ति बने शिवाजी गणेशन

साल 1945 में उन्होंने मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी के जीवन पर बना एक नाटक 'शिवाजी कांडा हिंदू राज्यम'किया। इसमें उन्होंने शिवाजी की भूमिका निभाई। शिवाजी के किरदार में गणेशन की इतनी तारीफ हुई कि बाद में उन्होंने अपना नाम ही 'शिवाजी गणेशन'कर लिया। शिवाजी गणेशन को 1960 में आई उनकी फिल्म वीरपांडिया कट्टाबोमन के लिए काहिरा इजिप्ट में आयोजित एफ्रो-एशियन फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला था। इंटरनेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में अवॉर्ड जीतने वाले शिवाजी गणेशन पहले भारतीय थे। यह फिल्म आज भी तमिल सिनेमा की कल्ट फिल्मों में शामिल है।

# महिला क्रिकेट : सीरीज 1-1 की बराबरी पर, निर्णायक मुकाबले में भारत की इंग्लैंड से कड़ी टक्कर

एजेंसी ▶▶| चेस्टर ली स्ट्रीट (ब्रिटेन)

भारतीय टीम को लॉर्ड्स की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने गलत शॉट चयन के कारण दूसरे मैच में हार झेलनी पड़ी थी और अब मंगलवार को होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसे इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। भारत ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से पहला मैच चार विकेट से जीता था, लेकिन शनिवार को लंदन में खेले गए बारिश से प्रभावित दूसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा, जिससे तीन मैचों की श्रृंखला अंतिम वनडे से पहले 1-1 से बराबरी पर है।

## श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण

यह श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व कप दो महीने बाद शुरू होने वाला है। वनडे का यह प्रतिष्ठित महिला टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा, जिसकी मेजबानी श्रीलंका और भारत के पांच शहर करेंगे। भारत की ऑलराउंड ताकत तथा कुछ खिलाड़ियों की अच्छी फॉर्म के कारण उम्मीद की जा रही थी कि वह दूसरे मैच में ही श्रृंखला अपने नाम कर देगा लेकिन खराब शॉट चयन और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में असमर्थता ने उसकी योजनाओं पर पानी फेर दिया और 29 ओवर के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वह आठ विकेट पर 143 रन ही बना सका।



**तीसरा और अंतिम वनडे आज, मैच भारतीय समयानुसार शाम 5.30 बजे से होगा शुरू**

**असफल रहे भारतीय गेंदबाज**

भारतीय गेंदबाज भी असफल रहे और इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने काफी ओवर शेष रहते आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अब निर्णायक मुकाबले से पहले भारतीय टीम को कुछ विभागों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विचार विमर्श करना होगा। उप-कप्तान स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा को छोड़कर भारत के अन्य बल्लेबाज सोफी एक्लेस्टोन, एम. अर्लट और लिंसी स्मिथ जैसे गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए और उसके गेंदबाज भी अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए। एक्लेस्टोन की सटीक गेंदबाजी के कारण भारतीय बल्लेबाजों को विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा और वे चेस्टर ली स्ट्रीट में धीमी गति के गेंदबाजों के खिलाफ निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे।

## दो खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की जरूरत

भारत को अगर श्रृंखला जीतनी है तो भारत मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतीका रावल और हरलीन देओल में से कम से कम दो खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की जरूरत होगी। निचले क्रम में रिचा घोष और दीप्ति को उन्हें सहयोग देना होगा। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो वह श्रृंखला के पहले मैच के बाद की तुलना में काफी बेहतर स्थिति में है। उसे गेंदबाजी में एक्लेस्टोन तथा अर्लट और बल्लेबाजी में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट तथा कप्तान नैट साइवर ब्रंट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

## टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, एम्मा लैंब, लिंसी स्मिथ।

## खबर संक्षेप



### एशिया कप हॉकी के लिए अपनी टीम को भारत नहीं भेजना चाहता पाकिस्तान

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा। पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा, 'हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है। हमने उन्हें बता दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत जाने के इच्छुक नहीं हैं।'

### द ओपन गोल्फः शीर्ष 35 में रहे भाटिया और राय

**पोर्टरश (उत्तरी आयरलैंड)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया 153वें 'द ओपन' गोल्फ में संयुक्त 30वें स्थान पर रहकर मेजर (गोल्फ के चार बड़े टूर्नामेंट) में अपना अब तक का



सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल किया। भाटिया लगातार दूसरे साल चारों मेजर खेलने में सफल रहे। इस 23 साल के खिलाड़ी ने चार बर्डी और दो बोगी की मदद से दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर चार अंडर (73-68-70-69) का रहा। भारतीय मूल के ब्रिटेन के गोल्फर आरोन राय संयुक्त 34वें स्थान पर रहे। इस साल के चारों मेजर के कट में जगह बनाने सफल रहे राय ने भी आखिरी दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर तीन अंडर 69-72-71-69) का रहा।

### अनुष अग्रवाला ने जर्मनी में ड्रेसेज स्पर्धा जीती

**हॉफगेइसमर (जर्मनी)।** भारत के अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े फ्लोरियाना के साथ जुबिलमस्टर्नियर हॉफगेइसमर ओपन के ड्रेसेज स्पर्धा में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरिस



ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले अग्रवाला ने 69.891 प्रतिशत अंकों के प्रभावशाली स्कोर के साथ छह खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसमें बाकी के अन्य प्रतियोगी जर्मनी के थे। पिया पियोट्रोव्स्की और कथरीना हेमर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। यह जीत इस जोड़ी के लिए 'एस' स्तर पर पहली सफलता है। अग्रवाला और सात साल की उनकी इस मादा घोड़े की यह एकसाथ सिर्फ दूसरी प्रतियोगिता थी। अग्रवाला ने कहा, 'मैं फ्लोरियाना पर अविश्वसनीय रूप से गर्व महसूस कर रहा हूं। यह उसकी केवल दूसरी 'एस' प्रतियोगिता थी।

**चौथा टेस्ट ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में कल से होगा शुरू**

# चोट ने बिगाड़ा भारतीय टीम का हाल, रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर, नहीं खेल पाएंगे अर्शदीप

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं जबकि चोटिल तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। दूसरे और तीसरे टेस्ट में खेलने वाले रेड्डी रविवार को जिम में अभ्यास करते हुए चोटिल हो गए थे और अब वह स्वदेश लौटेंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा, 'नीतीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण शेष दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। नीतीश स्वदेश लौट आएंगे और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है।'अर्शदीप को पिछले सप्ताह बेकेनहैम में अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स पर गेंदबाजी करते समय बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। उन्होंने श्रृंखला में अब तक कोई मैच नहीं खेला है। बयान में कहा गया है, बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है।'

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है और वह मैनचेस्टर में टीम से जुड़ चुके हैं। चौथा टेस्ट मैच बुधवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। इंग्लैंड पांच मैचों की एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 से आगे चल रहा है।



**चौथे टेस्ट के लिए भारत की टीम** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज।

## ओल्ड ट्रैफर्ड में इंजीनियर और लॉयड के नाम के होंगे स्टैंड

भारत और इंग्लैंड के बीच यहां प्रतिष्ठित ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर होने वाले चौथे टेस्ट के इतर पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर और वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी क्लाइव लॉयड के नाम स्टैंड (दर्शक दीर्घा) को दिए जाएंगे। इंजीनियर और लॉयर्ड की पूर्व काउंटी टीम लंकाशर ने इन दोनों के नाम पर स्टैंड के नाम रखने का फैसला किया है। इंजीनियर लगभग एक दशक तक लंकाशर की ओर से खेले जबकि वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान लॉयर्ड लगभग दो दशक तक क्लब के साथ रहे और क्लब के इतिहास में बहुमूल्य योगदान दिया। सूत्रों नेबताया कि स्टेडियम के नामकरण का समारोह 23 जुलाई के शुरू हो रहे टेस्ट मैच के पहले दिन होगा। इंग्लैंड बेहद कड़े मुकाबलों के बाद पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है।



सूत्र ने कहा, 'यह क्लब के दोनों दिग्गजों के लिए उचित सम्मान है।' वर्ष 1968 से 1976 के बीच 87 वर्षीय इंजीनियर ने 175 मैचों में लंकाशर के लिए 5942 रन बनाए, 429 कैच लिए और 35 स्टंपिंग की। दूसरी ओर दो बार विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज की टीम के कप्तान लॉयड ने 1970 के दशक की शुरुआत में एक विदेशी खिलाड़ी के रूप में आने के बाद क्लब की किस्मत बदल दी। जब मुंबई में जन्मे इंजीनियर ने लंकाशर के लिए पदार्पण किया तो क्लब ने 15 साल से अधिक समय तक कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था लेकिन उन्होंने 1970 से 1975 के बीच चार बार जिलेट कप जीतने में टीम की मदद की। दिलचस्प बात यह है कि इंजीनियर ने अपना अधिकतर क्रिकेट ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला लेकिन वहां उनके नाम पर कोई स्टैंड नहीं है।

**चाइना ओपन**

# विश्व चैंपियनशिप की तैयारी, कोर्ट पर उतरेगी सात्विक-चिराग की जोड़ी




एजेंसी ▶▶| चांग्झू

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए लय हासिल करने के लक्ष्य के साथ कोर्ट पर उतरेगी।

चाइना ओपन पेरिस में 25 से 31 अगस्त तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले अंतिम प्रमुख प्रतियोगिता है। इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगा। वर्तमान में विश्व में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं लेकिन अभी तक फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे हैं। यही नहीं उन्हें पिछले सप्ताह जापान ओपन में पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार का सामना करना पड़ा था।

विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी पहले दौर में जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा का सामना करेगी।

### फॉर्म वापस पाने की उम्मीद करेंगी सिंधु

एकल वर्ग में लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंधू 20 लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अपनी फॉर्म वापस पाने की उम्मीद करेंगे। पिछले कुछ समय से फॉर्म में वापसी करने के लिए संघर्ष कर रहे लक्ष्य पिछले सप्ताह जापान ओपन में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। यहां उनका पहला मुकाबला चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त ली शी फेंग से होगा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे का सामना करेंगे।अब 16वीं रैंकिंग पर काबिज सिंधू के लिए इंडिया ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना इस साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है।

**फिडे ने की घोषणा**

# भारत 23 साल बाद करेगा चेस वर्ल्ड कप की मेजबानी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत इस साल 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा और इस प्रतियोगिता के लिए मेजबान शहर की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। विश्व में शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इस टूर्नामेंट में 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित खिताब और 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के क्वालीफिकेशन स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत ने पिछली बार 2002 में हैदराबाद में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। तब विश्वनाथन आनंद ने खिताब जीता था।

### गुकेश, प्रज्ञानानंद और एरिगैसी लेंगे हिस्सा

आगामी प्रतियोगिता में खिलाड़ी नॉकआउट प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां प्रत्येक राउंड में हारने वाला खिलाड़ी बाहर हो जाएगा। फिडे ने कहा, 'विश्व कप में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 2026 के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे।' मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश, विश्व कप 2023 के उपविजेता आर. प्रज्ञानानंद और वर्तमान में विश्व में पांचवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो इस पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। फिडे के सीईओ एमिल सुतोव्स्की ने कहा, 'हम फिडे विश्व कप 2025 को भारत में आयोजित करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि यह एक ऐसा देश है जहां शतरंज के प्रति काफी जुनून है।'

### हरिका को हराकर दिव्या देशमुख सेमीफाइनल में

**बातुमी (जॉर्जिया)।** भारत की प्रमुख खिलाड़ियों में से एक के रूप में उभरती हुई अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली हमवतन डी हरिका को टाईब्रेक में 2-0 से हराकर यहां फिडे विश्व महिला शतरंज कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्लासिकल बाजी दो बार ड्रॉ होने के बाद रैपिड टाईब्रेक में हरिका पर दबाव था। दिव्या ने दृढ़ निश्चय के साथ पहली बाजी जीती जिससे हरिका पर काफी दबाव बन गया। दिव्या ने इसके बाद दूसरी बाजी भी जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। हरिका तीन अलग-अलग मौकों पर इसी तरह के प्रारूप में सेमीफाइनलिस्ट रही हैं जिसे तब विश्व महिला चैंपियनशिप कहा जाता था। हम्पी और अब दिव्या दो भारतीय बन गई हैं जिन्होंने महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। यह प्रतियोगिता नए विश्व चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है। इसका मतलब यह भी है कि अगले साल होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में एक भारतीय का प्रवेश पक्का हो गया है।

## 6 भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को विश्व विश्वविद्यालय खेलों से प्रतिबंधित किया

**नई दिल्ली।** जर्मनी के राइन-रूहर में चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में मिश्रित टीम कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय बैडमिंटन टीम चयन को लेकर विवादों में घिर गई है क्योंकि चुने गए 12 खिलाड़ियों में से छह को कथित प्रशासनिक चूक के कारण भाग लेने से रोक दिया गया है। प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया था लेकिन केवल छह को ही प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई क्योंकि अधिकारी 16 जुलाई को प्रबंधकों की बैठक के दौरान सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत करने में विफल रहे। बाहर की गई एक खिलाड़ी अलीशा खान ने इंस्टाग्राम पर लिखा, "यह केवल कुप्रबंधन नहीं है- यह करियर को नुकसान पहुंचाने वाला है। हम जवाब, जवाबदेही और हमारी आवाज सुनी जाने की मांग करते हैं। हमने कोई मैच नहीं गंवाया - हमने भाग लेने का अपना अधिकार ही खो दिया।" उन्होंने लिखा, "यह केवल एक गलती नहीं है। यह एआईयू और हमारी टीम के अधिकारियों द्वारा करियर को नुकसान पहुंचाने वाला है। हम न्याय की मांग करते हैं।" सूत्रों के अनुसार बीवी राव और अजीत मोहन भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के अधिकारी थे जो बैठक में शामिल हुए थे। देश में विश्वविद्यालय स्तर के खेलों के लिए नोडल संस्था एआईयू ने इस घटना को स्वीकार किया है। एआईयू सचिव डॉ. पंकज मित्तल ने आगे कोई टिप्पणी करने से इनकार करते हुए बताया, "हमें इसकी जानकारी दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।"

# मिचेल ओवन का धमाकेदार डेब्यू, ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले टी20 में दी मात

एजेंसी ▶▶| किंग्स्टन (जमैका)

मिशेल ओवेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने पदार्पण मैच में अर्धशतक जमाया और एक विकेट लिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के पहले मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की।

ओवेन ने 27 गेंद पर छह छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। उन्होंने कैमरन ग्रीन (26 गेंदों पर 51 रन, दो चौके, पांच छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 40 गेंदों पर 80 रन की साझेदारी की, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने मैच में सात गेंद शेष रहते 190 रन का लक्ष्य हासिल कर दिया। वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी थी आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 189 रन बनाए। उसकी शुरुआत अच्छी रही

**पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में 3 विकेट से दर्ज की जीत**



लेकिन अंतिम नौ गेंदों पर पांच रन पर चार विकेट गंवाने के कारण वह 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सकी।

### ड्वारशुइस ने 36 रन देकर 4 विकेट झटके

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 36 रन देकर चार विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने चार गेंदों में तीन विकेट हासिल किए। जेसन होल्डर ने उनकी हैट्रिक नहीं बनने दी लेकिन वह अगली गेंद पर आउट हो गए। वेस्टइंडीज के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की। रोस्टन चेज ने 32 गेंदों पर 60 रन बनाए और शाई होप (55) के साथ दूसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की। उनके अलावा शिमरोन हेटमायर ने 38 रन का योगदान दिया।

**डीसी ओपन से वीनस विलियम्स करेंगी वापसी**

# एक साल बाद फिर टेनिस कोर्ट में दिखेगा वीनस का जलवा

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

वीनस विलियम्स एक साल से अधिक समय के बाद पहली बार टेनिस कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार हैं और उनकी दिली इच्छा है कि उनकी छोटी बहन सेरेना भी वापसी करें। वीनस डीसी ओपन से टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी। दूसरी तरफ सेरेना का हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह रैकेट घुमाती दिख रही हैं। वीनस से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता। हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन अगर वह वापसी करती है तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह इस बारे में आप सबको अवगत कर देगी।'



**वीनस ने जीते सात ग्रैंड स्लैम एकल खिताब**

सेरेना 43 वर्ष की है और उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद कोई मैच नहीं खेला था। इसके बाद उन्होंने उस खेल से दूर जाने की घोषणा की थी जिस पर उन्होंने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा था। इस दौरान उन्होंने 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब और वीनस के साथ 14 युगल खिताब जीते थे। अमेरिका की राजधानी में हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट शुरू होने से एक दिन पहले वीनस ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि वह क्या करने जा रही है। मैं उससे इस बारे में नहीं पूछती। मुझे लगता है कि वह हमेशा गेंद को हिट करती रहती है क्योंकि हम ऐसे ही हैं।'

### वीनस ने आखिरी टूर्नामेंट मियामी ओपन मार्च 2024 में खेला था

वीनस ने कहा कि, हाल ही में उनके एक अभ्यास सत्र के दौरान सेरेना वहां आईं और लगभग 15 या 20 मिनट तक उनके साथ रहीं। वीनस ने कहा, 'वह छह महीने की छुट्टी ले सकती है और फिर आसानी से वापसी कर सकती है। आप उस जैसी प्रतिभा को सिखा नहीं सकते।' पिछले महीने 45 साल की हुईं वीनस ने सात ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं, जिनमें दो अमेरिकी ओपन और पांच विंबलडन खिताब शामिल हैं। उनका आखिरी टूर्नामेंट मार्च 2024 में मियामी ओपन में था, जहां वह पहले ही दौर में बाहर हो गई थीं।



# नौसेना और तटरक्षक बलों की बढ़ाएगा और ताकत

» मरीन वर्जन के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी किया गया

» अगले साल मिलेगा पहला स्वदेशी ट्रांसपोर्ट विमान

मेड इन इंडिया सी-295 विमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना में पुराने विमानों को नए विमानों से बदला जा रहा है, इनमें 60 के दशक से सेवाएं दे रहे छोटा ट्रांसपोर्टर विमान की जगह ले रहा है सी-295एमडब्ल्यू मीडियम लिफ्ट टैक्टिकल विमान। वायुसेना के साथ-साथ अब सी-295एमडब्ल्यू की खरीद भारतीय नौसेना और तटसुरक्षा बलों के लिए भी की जा रही है।

सी-295एमडब्ल्यू के मरीन वर्जन के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) 13 मार्च 2025 को जारी किया गया था। 15 मार्च 2024 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई डीएसी की बैठक में एओएन को मंजूरी दी गई थी।

कुल 15 सी-295एमडब्ल्यू की खरीद की जानी है, जिनमें से 9 विमान नेवी के लिए और 6 कोस्टगार्ड के लिए होंगे। इसकी कमर्शियल बिड के निविदा की अंतिम तारीख दिसंबर 2025 है।

### 11 घंटे तक भर सकता है उड़ान

*480 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से 11 घंटे तक उड़ान भर सकता है। इस विमान में स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सूट लगा हुआ है। मेडिकल इवेक्यूएशन ऑपरेशन के दौरान इस विमान में 24 स्ट्रेचर लगाए जा सकते हैं।*

### वायुसेना के पास आ चुके हैं 15 विमान

भारत सरकार ने स्पेन से 56 नए सी-295एमडब्ल्यू विमानों की खरीद का करार साल 2021 में किया था। इसका निर्माण गुजरात के वडोदरा में किया जा रहा है और इसका पहला स्क्वाड्रन भी वहीं स्थापित किया गया है। भारत में एयरबस का पार्टनर टाटा कंसॉर्टियम है। समझौते के मुताबिक स्पेन से कुल 56 विमान भारतीय वायुसेना के लिए जा रहे हैं, जिनमें से 16 विमान स्पेन से पूरी तरह तैयार होकर फ्लाई वे कंडीशन में भारत आ रहे हैं, जिनमें से 15 अब तक वायुसेना को मिल चुके हैं। इसके अलावा बाकी 40 को लाइसेंस के तहत भारत में बनाया जा रहा है। अगले साल अगस्त-सितंबर में देश में बना पहला ट्रांसपोर्ट विमान एयरफोर्स को मिलने की उम्मीद है।



**नए विमान ला रही सेना**

*पुराने विमान में एवरो की जगह सी-295एमडब्ल्यू ले रहा है। एएन-32 विमान साल 2032 के बाद सेना से हटना शुरू हो जाएंगे, जबकि आईएल-76 कुछ और साल अपनी सेवाएं देंगे। एएन-32 के रिप्लेसमेंट के लिए भी सी-295एमडब्ल्यू की आवश्यकता वायुसेना की तरफ से जारी की गई है।*

### छोटे रनवे से लैंडिंग और टेकऑफ करने में सक्षम

नए विमान की माल ढोने की क्षमता 5 से 10 टन की है, यानी लगभग 70 सैनिकों और पूरे बैटल लोड के साथ 50 पैराट्रूपर को आसानी से ले जा सकता है। इस विमान से सैनिक और कार्गो को पैरा ड्रॉप करने के लिए रीयर रैंप डोर भी है। यह विमान नीची उड़ान भरने में सक्षम है। यह विमान छोटे रनवे से लैंडिंग और टेकऑफ कर सकता है। टेकऑफ महज 670 मीटर से और लैंडिंग 320 मीटर के रनवे पर कर पाने की क्षमता है।

## खबर संक्षेप

### ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए गूगल और मेटा

**नई दिल्ली।** अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के प्लेटफॉर्म को प्रमोट करने से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में सोमवार को गूगल और मेटा (फेसबुक) कंपनियों के अधिकारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। अब उन्हें 28 जुलाई को फिर से समन भेजा गया है। मामले में ईडी इन कंपनियों से यह जानना चाहती है कि अवैध सट्टा और जुए के प्लेटफॉर्म उनके सोशल मीडिया और एप्स पर कैसे विज्ञापन चला पा रहे हैं। इन विज्ञापनों के जरिए लोगों से ठगी की जा रही है और कई करोड़ की मनी लॉड्रिंग हो रही।




### ब्रिटिश एफ-35बी विमान ठीक हुआ, जल्द लौटेगा

**कोच्चि।** ब्रिटिश रॉयल नेवी का एफ-35बी लड़ाकू विमान 14 जून को इमरजेंसी लैंडिंग के बाद केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसा हुआ था। अब ये विमान उड़ान भरने और वापस ब्रिटेन जाने के लिए तैयार हो गया है। तकनीकी मरम्मत के लिए 6 जुलाई को आई 14 सदस्यीय इंजीनियर्स की टीम एयरबस ए400एम एटलस विमान से ब्रिटेन लौटेगी। जल्द ही एफ-35 फाइटर जेट भी ब्रिटेन वापसी के लिए टेक ऑफ करेगा। ब्रिटेन ने भारतीय अधिकारियों और हवाई अड्डा टीमों का आभार जताया है।



### जापान के पीएम चुनाव हारे, पद पर बने रहेंगे

**टोक्यो।** जापान के पीएम शिगेरू इशिबा ने सोमवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के उच्च सदन का चुनाव हार जाने के बावजूद वह पद पर बने रहेंगे ताकि देश बढ़ती कीमतों और उच्च अमेरिकी शुल्क जैसी चुनौतियों से निपट सके। इशिबा का सत्तारूढ़ गठबंधन सोमवार को अहम संसदीय चुनाव में 248 सीट वाले ऊपरी सदन में बहुमत हासिल नहीं कर सका। इशिबा की 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' (एलडीपी) और उसके गठबंधन सहयोगी 50 सीटें जीतनी थीं लेकिन गठबंधन 47 सीट ही जीत सका।



## बांग्लादेश वायुसेना का प्रशिक्षण चीनी विमान कॉलेज परिसर में गिरा

# पायलट समेत 19 की मौत, 164 से अधिक लोग घायल हुए, सेना राहत और बचाव कार्य में जुटी

हादसे के समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। यह विमान सोमवार दोपहर करीब 1 बजे स्कूल के ऊपर गिरा। विमान से आग की लपटें उठीं और कैंपस में धुआं फैल गया। घटना के बाद कॉलेज में अफरातफरी मच गई। कई छात्रों को बसों से घर भेजा

एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश की वायुसेना का चीन में बना एफ-7 बीजीआई प्रशिक्षण विमान सोमवार को ढाका के उत्तरा क्षेत्र के दियाबारी इलाके में माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज परिसर में गिर गया।

हादसे में अब तक पायलट समेत 19 लोगों की मौत हो गई है। 164 से ज्यादा लोग घायल हैं। 60 से ज्यादा घायलों को बर्न इंस्टीट्यूट रेफर कर दिया गया है। मामूली रूप से घायल कई लोगों का उत्तरा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को वायुसेना के हेलिकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया। सरकार ने एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

हादसे के समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। यह विमान सोमवार दोपहर करीब 1 बजे स्कूल के ऊपर गिरा। विमान से आग की लपटें उठीं और कैंपस में धुआं फैल गया। घटना के बाद कॉलेज में अफरातफरी मच गई। कई छात्रों को बसों से घर भेजा गया। एयरक्राफ्ट में लगी आग को बुझाने के लिए फायरब्रिगेड कर्मचारियों को बेहद मशक्कत करनी पड़ी। हादसे के बाद बांग्लादेशी सेना स्कूल कैंपस में तैनात है। सेना राहत और बचाव कार्य में भी जुटी है।

**सरकार ने एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की**

**हादसे के समय कॉलेज में क्लासेस चल रही थीं**



### राहत और बचाव कार्य जारी



*नेशनल बर्न इंस्टीट्यूट के अधिकारी प्रोफेसर मोहम्मद सईदुर रहमान और हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी घटना की पुष्टि की है। सूचना मिलने पर बांग्लादेशी सेना के सदस्य, अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा की 8 गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया। माइलस्टोन स्कूल और*

*कॉलेज के प्रवक्ता ने कहा कि विमान स्कूल के गेट के पास गिरा। हादसे के वक्त माइलस्टोन कॉलेज में बच्चे मौजूद थे। प्लेन क्रैश होने के बाद स्कूल-कॉलेज में अफरातफरी मच गई। दूसरी तरफ फायर सर्विस ने बताया है कि यह घटना दोपहर 1:18 बजे हुई और उनके यूनिट 1:22 बजे मौके पर पहुंच गए।*

### चीन में बना है यह विमान

*एफ-7बीजीआई बांग्लादेश एयरफोर्स (बीएएफ) का मल्टीरोल लड़ाकू विमान है। यह चीन के चेंगदू जे-7 लड़ाकू विमान का उन्नत फाइटर का एडवांस वर्जन है, जिसे सोवियत यूनियन के मिग-21 की तर्ज पर बनाया गया था। बीएफएफ ने 2011 से 2013 के बीच यह विमान खरीदा था। इसे थंडरकैट स्क्वाड्रन में शामिल किया गया था। यह विमान एयर डिफेंस, ग्राउंड अटैक और समुद्री इलाकों में हमले जैसी कई भूमिकाओं में काम आता है।*

### यूनुस ने हादसे पर दुख जताया

अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा कि इस विमान हादसे में वायुसेना के सदस्य, माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज के छात्र, अभिभावक, शिक्षक और कर्मचारी सहित जिन लोगों को नुकसान हुआ है, वह अपूरणीय है। यह देश के लिए एक बेहद दुखद क्षण है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने स्थिति को संभालने के लिए अस्पतालों और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों की हर संभव मदद करने और हादसे की जांच कराने की बात भी कही।



## पीएम मोदी जाएंगे यूनाइटेड किंगडम

# भारत व ब्रिटेन व्यापार समझौते पर 24 जुलाई को होंगे हस्ताक्षर



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार से ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। उनकी यात्रा का मकसद व्यापार, निवेश और रक्षा क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। एक अधिकारी ने बताया कि इस यात्रा में भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर किए जाएंगे।

इस अवर पर पीएम के साथ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल रहेंगे। दोनों देशों ने छह मई को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी।

मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद, इसे लागू करने से पहले ब्रिटिश संसद और भारत में केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी लेनी होगी। समझौते पर हस्ताक्षर के बाद इसे लागू होने में लगभग एक साल लगेगा।

**छह मई को एफटीए पर पूरी हुई थी चर्चा लागू होने में लगभग एक साल लगेगा**

### भारत-ईयू के बीच सितंबर में वार्ता

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर अगले दौर की वार्ता सितंबर में होगी। दोनों पक्षों के बीच वार्ता का 12वां दौर ब्रसेल्स में संपन्न हुआ था। भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ ने आठ वर्ष से अधिक के अंतराल के बाद जून, 2022 में एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते, एक निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतकों (जीआई) पर एक समझौते के लिए बातचीत फिर से शुरू की थी। बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण 2013 में यह समझौता रुक गया था। भारत और यूरोपीय संघ इस वर्ष के अंत तक मुक्त व्यापार समझौते को पूरा करने का लक्ष्य बना रहे हैं। पीएम मोदी और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष ने इस वर्ष के अंत तक बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने को लेकर 28 फरवरी को सहमति व्यक्त की थी।

### » 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक होगा व्यापार

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते में चमड़ा, जूते और कपड़ा जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों के निर्यात पर कर हटाने का प्रस्ताव है। साथ ही ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों के आयात को सस्ता किया जाएगा। उम्मीद है कि इस समझौते से 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा।

## मुंबई में विमान रनवे से आगे निकला

# सभी सवार लोग सुरक्षित, इंजन को नुकसान, 3 टायर फटे, जांच जारी



एजेंसी ⏭ मुंबई

मुंबई एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह एअर इंडिया का एआई2744 प्लेन लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गया। ये विमान कोच्चि से मुंबई आया था। मुंबई में भारी बारिश के कारण रनवे पर फिसलन थी, जिससे विमान रनवे से 16 से 17 मीटर दूर घास पर चला गया।

### हादसे में विमान का एक पंख भी क्षतिग्रस्त हुआ

हादसा सुबह 9:27 बजे हुआ। विमान के दाहिने इंजन के नैसेल को नुकसान पहुंचा है। हादसे में विमान का एक पंख भी क्षतिग्रस्त हुआ। इस घटना के बाद विमान को पार्किंग तक लाया गया, जहां सभी यात्री और क्रू मेंबर्स को उतारा गया। इस दौरान विमान के तीन टायर फट गए। हादसे में किसी पैसेंजर्स या क्रू मेंबर्स को नुकसान नहीं पहुंचा है। जानकारी मिलते ही डीजीसीए की एक टीम जांच के लिए मुंबई एयरपोर्ट पहुंची है।

### इजराइल ने किया भीड़ पर हमला, 80 लोग मरे

एजेंसी ⏭ दीर अल-बलाह

संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने इजराइल पर आरोप लगाया है कि उसने टैंक, स्नाइपर और अन्य हथियारों का उपयोग करके मदद मांगने वाले सहायता मांगने वाले फिलिस्तीनियों की भीड़ पर गोलीबारी की। डब्ल्यूएफपी ने एक बयान में उत्तरी गाजा में हिंसा की निंदा की। फिलिस्तीनी लोग भोजन लाने वाले ट्रकों के काफिले तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस घटना में 80 लोग मारे गए। इजराइली सेना ने कहा कि उसने 'तत्काल खतरे को हटाने' के लिए चेतावनी के लिए गोलियां चलाईं और आंकड़ों को झूठा बतलाया।

## नासा और इसरो के संयुक्त उपग्रह 'निसार' का होगा प्रक्षेपण

# 30 जुलाई को पृथ्वी से 743 किमी दूर स्थापित किया जाएगा

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से नासा-इसरो संयुक्त उपग्रह 'निसार' को 30 जुलाई की शाम 5 बजकर 40 मिनट पर प्रक्षेपित किया जाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, जीएसएलवी-एफ16 सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह को 743 किलोमीटर दूर सूर्य-समकालिक कक्षा में स्थापित करेगा और इसका झुकाव 98.4 डिग्री होगा। इसरो ने एक बयान में बताया कि निसार पहली बार स्वीपएसएआर प्रौद्योगिकी का उपयोग करेगा, जिसके तहत 242 किलोमीटर के दायरे में पृथ्वी की निगरानी करेगा।



**पूरी दुनिया की निगरानी करेगा:** इसरो ने बताया कि निसार उपग्रह पूरी दुनिया की निगरानी करेगा और हर 12 दिन में हर मौसम, दिन और रात के आंकड़े व जानकारी उपलब्ध कराएगा, जिससे कई क्षेत्रों में इसका उपयोग किया जा सकेगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, निसार उपग्रह पृथ्वी की सतह पर होने वाले बदलाव, हिमस्खलन और पेड़-पौधे तथा वनस्पति में किसी भी तरह के बदलाव और यहां होने वाले हर छोटे-छोटे परिवर्तन का भी पता लगा सकता है। इसके अलावा समुद्री बर्फ का वर्गीकरण, जहाज का पता लगाना, तटरेखा की निगरानी, मिट्टी की नमी में परिवर्तन, सतही जल संसाधनों का मानचित्रण और निगरानी तथा आपदा मोचन आदि में भी यह काम करेगा।

### 12,500 करोड़ रुपये की लागत से किया गया तैयार

निसार 2,392 किलो वजन वाला एक अद्वितीय पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है। करीब 1.5 अरब डॉलर (लगभग 12,500 करोड़) की लागत से तैयार यह सैटेलाइट अब तक का सबसे महंगा अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट होगा। निसार सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) नामक खास तकनीक का इस्तेमाल करेगा। इस तकनीक से रडार सिस्टम की मदद से बहुत अच्छी तस्वीरें ली जा सकेंगी। इसके लिए रडार को एक सीधी लाइन में आगे बढ़ना होगा। यह मिशन पृथ्वी पर हो रहे तीन बड़े बदलावों को समझने में मदद करेगा। इससे हमें इकोसिस्टम, कार्बन चक्र, पृथ्वी की सतह में बदलाव, समुद्र के स्तर में बढ़ोतरी और अन्य प्रभावों के बारे में पता चलेगा।

## वॉल स्ट्रीट जर्नल पर फिर भड़के डोनाल्ड ट्रंप

# फेडरल चीफ की बर्खास्तगी वाली रिपोर्ट को 'झूठा और भ्रामक' बताया



एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की एक रिपोर्ट को 'झूठा और भ्रामक' बताया। यह रिपोर्ट कहती है कि ट्रंप को उनके ट्रेजरी सेक्रेटरी ने समझाया था कि फेडरल रिजर्व चेयरमैन जेरोम पॉवेल को हटाना शेयर बाजार के

### मैं जानता हूं कि बाजार और अमेरिका के लिए क्या सही

ट्रंप ने इस खबर को सिरे से खारिज करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि डब्ल्यूएसजे ने एक और झूठी स्टोरी छापी है कि ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने मुझे समझाया कि पॉवेल को हटाने से बाजार गिर जाएगा। किसी को मुझे समझाने की जरूरत नहीं, मैं खुद जानता हूं कि बाजार और अमेरिका के लिए क्या सही है। अगर मैं नहीं होता, तो बाजार आज रिकॉर्ड ऊंचाई पर नहीं होता बल्कि कब का क्रैश हो

## 2006 का मुंबई लोकल ट्रेन सीरियल ब्लास्ट केस मामला

# 19 साल बाद सभी 12 आरोपी बरी, हाईकोर्ट ने 'सबूतों के अभाव' में रद्द कर दी फांसी की सजा

एजेंसी ⏭ मुंबई

11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सात धमाकों ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। करीब 19 साल बाद, बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस मामले में एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 12 लोगों को बेगुनाह करार देते हुए बरी कर दिया।

इनमें से पांच को विशेष अदालत ने मौत की सजा और बाकियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। कोर्ट का कहना है कि अभियोजन पक्ष इस मामले को साबित करने में पूरी तरह नाकाम रहा है। यह फैसला उस दर्दनाक हादसे के करीब दो दशक बाद आया, जब मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार धमाकों ने सैकड़ों जिंदगियों को तबाह कर दिया था। जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांदक की विशेष बेंच ने कहा कि अभियोजन पक्ष मामले को साबित करने में पूरी तरह नाकाम रहा। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि सबूतों और गवाहों के बयानों में कई खामियां थीं, जो इस केस को कमजोर करती थीं।

### गवाहों पर कोर्ट को नहीं हुआ यकीन



कोर्ट ने अभियोजन पक्ष के लगभग सभी गवाहों के बयानों को अविश्वसनीय करार दिया। फैसले में कहा गया कि टैक्सी ड्राइवरों और ट्रेन में मौजूद लोगों के लिए धमाकों के 100 दिन बाद आरोपियों को याद करना मुश्किल था। इसके अलावा, बम, बंदूकें, नक्शे जैसे सबूतों की बरामदगी को भी कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट का कहना था कि अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर पाया कि धमाकों में किस तरह के बम का इस्तेमाल हुआ था। इसलिए ये बरामद सबूत मामले से जुड़े नहीं माने गए।

### 11 मिनट में 7 धमाके हुए थे

11 जुलाई 2006 को शाम के वक्त, जब मुंबई की लोकल ट्रेनें यात्रियों से खचाखच भरी थीं, सात जगहों पर आरडीएक्स बम धमाके हुए। ये धमाके खार-सांताक्रूज, बांद्रा-खार, जोगेश्वरी, माहिम, मीरा रोड-भायंदर, माटुंगा-माहिम और बोरीवली में हुए। सिर्फ 11 मिनट के अंदर इन धमाकों ने शहर को दहला दिया। पहले सात अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गईं, लेकिन बाद में मामले को एटीएस को सौंप दिया गया। एटीएस ने गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। 2015 में निचली अदालत ने 13 में से 12 लोगों को दोषी ठहराया, लेकिन एक शख्स वाहिद शेख को बरी कर दिया गया था। अब हाई कोर्ट के इस फैसले ने बाकी 12 लोगों को भी बेगुनाह करार दिया है।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,